# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 273 । भोपाल, सोमवार 2 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



नाली की सफाई करते वक्त सरिया पर गिरा पति, मौके पर ही मौत पृष्ठ 2
▪ राहुल का साहसिक लेख : हिन्दू होने का मतलब निर्भय! ▪ गांधी : युग से आगे तक पृष्ठ 4
▪ स्वच्छता के लिए दिलाई शपथ, पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में की सफाई पृष्ठ 6
चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान का कीर्तिमान बनाएं पृष्ठ 8


चंदेरी में लाड़ली बहना सम्मेलन : मुख्यमंत्री ने भू-अधिकार आवासीय योजना के तहत 2 हजार पट्टे किए वितरित, कहा

## विकास के लिए पैसों की कोई कमी नहीं रहेगी



### जागेश्वरी माता मंदिर लोक विकसित किया जायेगा

भोपाल,देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अशोक नगर और चंदेरी क्षेत्र के विकास के लिये पैसे की कोई कमी नहीं रहेगी। किसानों के लिये सूखे के संकट में हर संभव मदद की जायेगी। राज्य सरकार उनके साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी है। उन्हें सर्वे कराकर जल्द राहत राशि वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज अशोकनगर जिले की चंदेरी तहसील में लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। चंदेरी के ऐतिहासिक जागेश्वरी माता मंदिर में जागेश्वरी माता मंदिर लोक बनाया जायेगा। इस अवसर पर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद के.पी. यादव सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भू-अधिकार आवासीय योजना के तहत दो हजार पट्टे वितरित किए गए।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमने जनता के कल्याण की योजनाओं को लागू किया है। पिछली सरकार ने हमारी कई योजनाएं बंद कर दीं थी। हमारी सरकार ने कन्यादान योजना, तीर्थ दर्शन योजना जैसी जन-कल्याणकारी योजनाओं को फिर से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूँ। मेरे मन में विचार आया कि बहनों को साल में एक बार पैसा देने से काम नहीं चलेगा। हर महीने एक हजार रुपए उनके बैंक खातों में डालूंगा। यह राशि एक हजार से बढ़ाकर 1250 रुपए कर दी है। धीरे-धीरे लाड़ली बहनों के खातें में यह राशि बढ़ाकर तीन हजार कर दी जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में छूटे पात्र लोगों के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के अंतर्गत मकान बनाकर दिए जाएंगे।

### गरीबों के हित में काम कर रहे : सिंधिया

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महिलाओं के हित में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाकर अभूतपूर्व कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चंदेरी को 50 बिस्तर के अस्पताल की सौगात दी है। चंदेरी क्षेत्र का ऐतिहासिक महत्व है। यहां का किला और साड़ी विश्व में प्रसिद्ध हैं। चंदेरी में राजघाट परियोजना से पीने का पानी पहुंचाया है। मध्यप्रदेश में बेटियां बोझ नहीं वरदान हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रदेश में महिलाओं, बेटा-बेटियों, किसानों, युवाओं, गरीबों सहित सभी वर्गों के हित में काम कर रहे हैं।

मध्यप्रदेश की धरती पर किसी भी गरीब को बिना जमीन के नहीं रहने देंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहनों और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की बहनों को अब रसाई गैस 450 रुपए में दी जाएगी। जिन लाड़ली बहनों के नाम रसोई गैस नहीं है, उनके पति के नाम पर दर्ज सिलेंडर बहनों के नाम ट्रांसफर किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीब और ग्रामीण बच्चों के लिए निजी स्कूलों से भी बेहतर सीएम राइज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पांचवी और आठवीं पास करके दूसरे गांव जाने वाले बच्चों को साइकिल, बारहवीं में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप और अपनी शाला में टॉप करने वाले तीन-तीन छात्र-छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेडिकल, आईआईटी, इंजीनियरिंग और लॉ कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की फीस राज्य सरकार भरवाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हर घर में परिवार के एक सदस्य को रोजगार देंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी आज ग्वालियर आएंगे, 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं की देंगे सौगात



### 5 को जबलपुर भी आएंगे

**ग्वालियर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ग्वालियर आएंगे। इस दौरान वे 19 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी 5 को जबलपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 2 अक्टूबर को ग्वालियर के दौरे पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री 19 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे. इस दौरान ग्वालियर में श्री मोदी आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत गृह प्रवेश कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी अंतर्गत 1,355 आवासों व अन्य इकाइयों का लोकार्पण कार्यक्रम, जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्वालियर और श्योपुर जिले की 3 जल प्रदाय परियोजनाओं का भूमिपूजन, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की 6 परियोजनाओं का भूमिपूजन करेंगे।

श्री शर्मा ने बताया कि इन योजनाओं के साथ ही मध्यप्रदेश के 9 शहर विदिशा, बैतूल, कटनी, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, दमोह, आगर-मालवा शाहजहांपुर और ग्वालियर में 50 बिस्तरों की संख्या वाले क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। श्री शर्मा के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी मध्य प्रदेश में अंतर्गत आने वाले दिल्ली-बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे, मालनपुर ग्वालियर में इंडियन ऑयल कारपोरेशन प्लांट, रतलाम टर्मिनल, उज्जैन शहर में एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप विक्रम उद्योग पुरी, ग्वालियर में अटल बिहारी वाजपेई दिव्यांग स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, आईटीआई इंदौर में शैक्षणिक भवन के निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 5 अक्टूबर को जबलपुर प्रवास के दौरान प्रदेश में 12 हजार करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। प्रधानमंत्री के मध्यप्रदेश दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।

20 से अधिक राज्यों के सरकारी कर्मचारी लाखों की संख्या में एकत्रित हुए

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रामलीला मैदान में जुटी भीड़



- कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भी दिया समर्थन
- किसान नेता राकेश टिकैत भी समर्थन देने पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को पुरानी पेंशन स्कीम की मांग को लेकर लगभग 20 से अधिक राज्यों के सरकारी कर्मचारी लाखों की संख्या में एकत्रित हुए हैं। इस समय देश के 5 राज्यों में पुरानी पेंशन स्कीम लागू है जिसमें कांग्रेस शासित राजस्थान, छत्तीसगढ़ व हिमाचल और महागठबंधन सरकार झारखंड शामिल है, वहीं 2022 में पंजाब में भी पुरानी पेंशन स्कीम लागू है।

कांग्रेस पार्टी भी इसे वापस लाने की मांग कर रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कर्मचारियों के इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि, वह कर्मचारियों के इस आंदोलन का पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का हक है, कर्मचारियों की मांगें जायज है, और सरकार को इसे लागू करना चाहिए। हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर हम कर्मचारियों की मांगों को पूरा कर तुरंत पुरानी पेंशन स्कीम लागू करेंगे।'

### टेंट लगाने की अनुमति नहीं दी

रैली से दिल्ली का रामलीला मैदान खचाखच भरा पड़ा था। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम से जुड़े संगठन इस रैली में शामिल हुए हैं। वहीं दिल्ली पुलिस ने मैदान में टेंट लगाने की अनुमति नहीं दी है बावजूद इसके कर्मचारियों की भारी संख्या रैली में हिस्सा लेने पहुंची है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जातिगत जनगणना और पुरानी पेंशन योजना की मांग प्रमुख मुद्दा बन चुका है।

### दो दिन पहले ही पहुंचने शुरू हो गए थे

दिल्ली शिक्षक संघ (जीएसटीए) के महासचिव अजयवीर यादव ने बताया की देश भर से लाखों कर्मचारी दो दिन पहले ही पहुंचने शुरू हो गए थे। आज रैली के आयोजन में प्रत्यक्षदर्शियों व प्रशासन के अनुसार सात लाख लोगों ने हिस्सा लेकर संख्या का इतिहास कायम किया। पेंशन शंखनाद महारैली में केंद्र सरकार व राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों रेल, ऑर्डिनेंस, हेल्थ सेक्टर और शिक्षा विभाग समेत कई अन्य विभागों के लाखों कर्मचारियों ने दिल्ली पहुंचकर पुरानी पेंशन बहाल करने की हुंकार भरी हैं। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा देश का किसान और मजदूर कर्मचारियों के साथ है वहीं कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली, समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के एमएलसी लाल बिहारी यादव ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया।

## तमिलनाडु में बस खाई में गिरी, 8 पर्यटकों की मौत

**उधगमंडलम, एजेंसी।** तमिलनाडु में ऊटी-मेट्टुपालयम घाट रोड पर शनिवार शाम एक बस के खाई में गिर जाने से आठ पर्यटकों की मौत हो गई और 40 से अधिक अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना मारापालम के पास 9वें हेयरपिन मोड़ के पास हुई जब 57 पर्यटकों को लेकर एक बस कोयंबटूर जिले के मेट्टुपालयम जा रही थी। थेनकासी के पर्यटकों के साथ यह हादसा तब हुआ जब वे दिन भर विभिन्न पर्यटक स्थलों की यात्रा के बाद शाम को ऊटी से लौट रहे थे। चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और परिणामस्वरूप, वह 50 फीट गहरी खाई में गिर गया।

## असम के 4 जिलों से अफ्सपा हटा

**गुवाहाटी, एजेंसी।** सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफ्सपा) को रविवार से असम के चार जिलों में छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। असम पुलिस दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में, डीजीपी जी.पी. सिंह ने कहा कि डिब्रूगढ़, तिनसुकिया, शिवसागर और चराइदेव जिले 'अशांत क्षेत्रों' के रूप में सूचीबद्ध रहेंगे। ऊपरी असम के ये चार जिले ऐतिहासिक रूप से उल्फा के गढ़ रहे हैं। 'अशांत क्षेत्र' अधिसूचना छह महीने के लिए वैध है, जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) इसे बढ़ाने का निर्णय ले सकता है। उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर से चार जिलों जोरहाट, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग और दिमा हसाओ से अशांत क्षेत्र का टैग हटा लिया गया है। 1990 के बाद से पूरा राज्य 'अशांत क्षेत्र' अधिसूचना के दायरे में था। हालाँकि, अफ्सपा के तहत 'अशांत क्षेत्र' अधिसूचना को केंद्र ने पिछले साल राज्य के नौ जिलों को छोड़कर सभी से हटा दिया था। मार्च में इसे एक और जिले से हटा दिया गया। पिछले महीने, राज्य सरकार ने केंद्र को प्रस्ताव दिया था कि 'राज्य की सुरक्षा स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार और उसके बाद त्वरित विकास' के मद्देनजर 1 अक्टूबर से सभी आठ जिलों से अशांत क्षेत्रों की अधिसूचना हटा दी जाए।







## सार समाचार

### मारपीट की शिकार अस्पताल में भर्ती अब मां-बेटियों पर हुई एफआईआर

**गुना देशबनधु।** कैंट थानांतर्गत पगारा में पड़ोसियों की मारपीट की शिकार हुई एक ही परिवार की तीन महिलाओं पर पुलिस ने मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। उक्त मां एवं उसकी दो बेटियां मारपीट के बाद जिला अस्पताल में उपचाररत हैं। पुलिस ने अब दोनों पक्षों पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। अब पुलिस ने दूसरे पक्ष की महिला फरिय़ादिया गुड्डी शर्मा पत्नि महेश शर्मा निवासी ग्राम पगारा की शिकायत पर मां मंजू शर्मा एवं बेटियां शालू तथा पलक शर्मा पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। फरियादिया गुड्डीबाई के अनुसार गत दिवस सुबह उनका मंजू शर्मा से विवाद हो गया था। जिसकी शिकायत वह थाने में करके पहुंची तो घर के बाहर मंजू शर्मा और उसकी लडकी शालू शर्मा और पलक शर्मा ने गाली गलौंच कर मारपीट कर दी।

### लोन की रिकवरी करने गई टीम से मारपीट

**गुना देशबन्धु।** पर्सनल लोन की रिकवरी करने गए फायनेश कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जना स्माइल फायनेश बैंक के ब्रांच मैनेजर फरियादी लोकेश सिंघल अपने साथ कर्मचारी योगेश सिंह कुशवाह एवं गोपाल नागर के साथ लोन की किश्त लेने पिपरौदा खुर्द गए थे। यहां की गुड्डी बाई पत्नि भागीरथ साहू निवासी का पर्सनल लोन बैंक में चल रहा है। गत दिवस वह तीनों गुड्डीबाई के पास किश्त लेने गए थे। जिस पर गुड्डी बाई ने कहा कि मेरा लडका अनिल साहू 12 बजे तक आ जाएगा, तब आपको किस्त दे देगें।

### शाम को ही समाप्त हो गई थी प्रदेश स्तर पर हड़ताल, लेकिन रविवार सुबह तक डटे रहे सफाईकर्मी

# नपाध्यक्ष ने फिर चलाया सफाई अभियान, दोपहर बाद काम पर लौटे सफाईकर्मी



**गुना देशबन्धु।** पिछले छह दिनों से सामूहिक हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शनिवार देर शाम खत्म हो गई। हालांकि रविवार सुबह तक सफाईकर्मी काम पर नहीं लौटे तो लगातार चौथे दिन भी नपाध्यक्ष सविता गुप्ता ने भाजपा पार्षदों एवं स्वयंसेवकों के साथ शहर के मुख्य मार्ग पर झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाया।

हालांकि 10ः30 बजे के करीब प्रदेश स्तर से मिले निर्देशों के बाद नपा के सफाईकर्मी काम पर लौटे। इसके पूर्व प्रातः नपाध्यक्ष सविता गुप्ता ने देशभर में चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पार्षदों के साथ हाथ में झाड़ू थामा। इस दौरान उन्होंने शहर के मुख्य मार्गों पर सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर शास्त्री पार्क पर एकत्रित होकर सभी ने अस्पताल गेट से लक्ष्मीगंज, पुराना बस स्टैंड, कोतवाली गली, शास्त्री पार्क के आसपास के क्षेत्र में सफाई की गई। इस दौरन 5 ट्रॉलियों तथा 3 छोटी कचरा गाडियों में कचरा भरकर ट्रांसफर स्टेशन पहुंचाया गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी स्वच्छता श्रमदान में हिस्सा लिया। जिनमें जैन समाज से अनिल जैन अंकल, लायंस सेंचुरियन क्लब विश्वनाथ सिंह, बोहरा समाज से कुतुब बोहरा, आशीष मंगल, एनसीसी के कैडेट्स तथा पार्षद गणों में कैलाश धाकड़, बृजेश राठौर, दिनेश शर्मा, लालाराम लोधा, सचिन धूरिया, महेंद्र कुशवाह, राजेश साहू, नरेंद्र कुशवाह, तहसीलदार जीएस बैरवा, सीएमओ बीडी कतरोलिया, उपयंत्री बीबी गुप्ता, एसके जैन, संचित ढिमरी, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी मनीष कुमार, शिवराज सिकरवार, रामनिवास गौड़, अशोक झा,ज्योतिकृष्ण शर्मा, विनोद शर्मा, नरेन्द्र नौनेरिया, नीलम राठौर, रामनाथ मेहरा, उमेश पारीख, दीपक धाकड़, विवेक श्रीवास्तव, शकील खान, अमित आर्य, दामोदर व्यास, बृजमोहन खरे,शोभित जादौन, राजेन्द्र चौहान, नितेश कुशवाह आदि शामिल हुए। इसके अतिरिक्त स्थानीय रहवासियों ने भी सफाई कार्य में बढ़ चढक़र हिस्सा लिया।

**शाम को समाप्त हो गई थी हड़ताल, फिर भी सुबह काम किया प्रभावित-नपाध्यक्षः**-उल्लेखनीय है कि अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सफाईकर्मी 25 सितंबर से हड़ताल पर थे। जिसके के कारण शहर की सफाई व्यवस्था नहीं हो पा रही है। 27 सितंबर से नपाध्यक्ष सहित सहयोगी पार्षदों एवं अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन शहर के मुख्य मार्ग की सफाई कर रहे थे। नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि विगत 30 सितंबर की शाम को प्रदेश स्तर पर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई थी। लेकिन रविवार प्रातः भी गुना में हड़ताली कर्मचारियों द्वारा सफाई कार्य को प्रभावित किया गया। जिसके बाद प्रातः करीब 10ः45 पर नपा के सफाईकर्मियों ने प्रदेश में हड़ताल समाप्ति हो जाने पर हड़ताल समाप्त करने की लिखित सूचना दी। जिसके बाद सभी ने नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, विधायक गोपीलाल जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, विधायक प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता, तहसीलदार जीएस बेरवा, सीएमओ बीडी कतरोलिया, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों के समक्ष उपस्थित होकर काम पर लौटे।

इधर रविवार सुबह भी सफाईकर्मी हनुमान चौराहा नगर पालिका के गेट पर डेरा डाल बैठे रहे। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने दो टूक बोल कि सरकार ने प्रदेश स्तर 8 मांगों को लेकर आश्वासन दिया है। अगर एक सप्ताह बाद उनकी मांगों पर अमल नहीं किया गया सफाई कर्मचारी फिर से हड़ताल पर वापस लौटेंगे।

### भाजपा चांचौड़ा मंडल की कामकाजी बैठक संपन्न



**गुना देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चाचौड़ा के कुम्भराज मंडल एवं मृगवास मंडल में कामकाजी बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी प्रियंका पैंची उपस्थित रही। बैठक के बाद इलाके के लगभग दो सैंकड़ा कार्यकर्ताओं में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें पार्टी का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता दिलाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रियंका पैंची ने मंडलों के कार्यकर्ताओं और सदस्यों की जमकर तारीफ की। साथ ही इस कामकाजी बैठक में पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा करने के साथ ही पार्टी के आगामी चुनाव और कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि अब संगठन बूथ स्तर तक पहुंच गया है। हमारे जो भी कार्यक्रम केंद्र या प्रदेश से आते हैं उन्हें हमें अपने बूथ पर करना है। यह वर्ष चुनावी वर्ष है और सभी कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री दिलाने के लिए लगना होगा। केंद्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनों के बीच में लेकर हम सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को पहुंचना होगा, ताकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा गरीब कल्याण की जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही है उनका पात्र हितग्राहियों को लाभ भी मिल सके और उनका प्रचार भी हो सके। रीति नीति को हमें जन-जन तक पहुंचाना होगा।

## फसल कटाई के साथ गांवों में बढ़े विवाद, चाचा-ताऊ के लडक़े भिड़े

**गुना देशबन्धु।** खरीफ फसलों की कटाई के साथ ही ग्रामीण अंचल में रोजाना विवाद सामने आ रहे हैं। धरनावदा थानांतर्गत ग्राम डुमावन में मक्के की फसल की कटाई को लेकर गत दिवस चाचा-ताऊ के लडक़े आपस में भिड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सुदामा यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने खेत कर गया हुआ था।

यहां उसने देखा कि उसके खेत की मक्का जो कि सामलाती खेत उसका तथा उसके ताऊ का है। उसमें मेरे ताऊजी के लडक़ों विष्णु और श्रीधामा ने काट ली है। जब फरियादी ने दोनों से पूछा कि मक्का क्यों काटी है। इसी बात पर दोनों ने गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी भाईयों पर धारा 323, 294, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है। **बंटवारे पर छोटे भाई ने बड़े भाई को पीटाः**- इसके अलावा जिले के केंट थानांतर्गत बेंहटाघाट में जायदाद के बंटवारे पर दो भाई आपस में भिड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राजेन्द्र सिंह पाल पुत्र नन्नूलाल पाल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम उसका छोटा भाई बलराम पाल उससे बोला कि तू रिश्तेदारों में उसकी बंटवारे पर से बदनामी कर रहा हैं। इसी बात पर छोटे भाई ने गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। जिसमें उसके मुँह में खून निकल आया। पुलिस ने फरियादी बड़े भाई की शिकायत पर छोटे भाई पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### खेत पर गए 2 युवकों के साथ मारपीट

इसी तरह म्याना थानांतर्गत ग्राम आरी में एक व्यक्ति के साथ गांव के ही चार अन्य लोगों ने मारपीट कर दी। प्रार्थी का खेत आरोपियों से लगा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सिकंदर अली पुत्र मुमताज अली निवासी सैयदपुरा कैंट ने हमराह अपने दोस्त आरिफ खान के साथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि आरिफ का खेत ग्राम आरी में है। जिसकी खेती आरी का पप्पू यादव करता है। गत दिवस वह और आरिफ उसके खेत पर आये थे। तभी शाम सात बजे धनपाल यादव, रानू यादव, रामवीर जाट निवासी बीलाबावडी, सोनू यादव निवासी सिंघाडी ने उनके साथ गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 323, 294, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया है।

### सदमे में पत्नी ने खाया जहर, हालत गंभीर

## नाली की सफाई करते वक्त सरिया पर गिरा पति, मौके पर ही मौत



**गुना देशबन्धु।** शहर के कैंट थानांतर्गत रविवार को एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। जहां पति की मौत के बाद पत्नी ने जहर खा लिया है। जिनको निजी अस्पताल में भर्ती कर गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैंट थाना अंतर्गत नानाखेड़ी स्थित अवंती नगर कॉलोनी में रहने वाले 40 वर्षीय विनीत सारस्वत रविवार सुबह-सुबह अपने घर के बाहर ही नाली की सफाई कर रही थी। उसी दुरान उनका पैर फिसल जाने के कारण नाली के पास निकले सरिए पर गिर गए। जिसमें सरिया सीधे उनके सीने में घुसा। उक्त नाली का निर्माण हाल ही में हुआ था और उसमें ठेकेदार द्वारा सरिया छोड़े गए थे। सरिया उनके सीधे सीने में घुसे और उनकी अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। घटना के बाद जैसे ही उनकी पत्नी शीतल सारस्वत घर से बाहर आई तो उनसे अपने पति का यह देखा नहीं गया और उन्हें अंदर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया।

### बराबरी पर रहा फुटबॉल टूर्नामेंट मैच



**आष्टा देशबन्धु।** स्टार ग्रु प के तत्वाधान में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट सुभाष ग्राउंड पर चलते हुए जिसमें मुख्य मुकाबला आर्यन से क्लब वर्सेस बाबा राइडर के बीच खेला गया। दोनों ही टीम में एक गोल से बराबरी पर रही। मैन ऑफ द मैच रहे सोहेल रहे। इस मैच में सैकड़ो की तादाद में दर्शक उपस्थित रहे। जिसमें सरवर उस्ताद, अशफाक अहमद, सलमान काजल, टूर्नामेंट अध्यक्ष शेख आरिफ, उपाध्यक्ष नफीस काजल, टूर्नामेंट सचिव शेख अशफाक, स्टार गार्डन सह सचिव शेख राजा आदि मौजूद रहे।

## जुलूस का परमार मित्र मंडल ने किया स्वागत



**आष्टा देशबन्धु।** दिगंबर जैन समाज के दस लक्षण पर्यूषण पर्व की समाप्ति पर जैन समाज द्वारा किला जैन मंदिर से एकम जुलूस की जययात्रा का जुलुस नगर के मुख्य मार्गो से निकाला गया। दिगंबर जैन समाज के एकम के भव्य जुलुस में श्रीजी की प्रतिमा स्वर्ण पालकी में विराजित कर भगवान ने नगर भ्रमण किया। नगर को चार्तुमास का लाभ प्रदान कर रहे मुनिश्री मार्दव सागर महाराज व आर्यिकारत्न चरणमति माताजी ससंघ इस जुलूस में उपस्थित रहे। बेहद सुंदर एवं आकर्षक रथ, बग्गियों पर सवार लाभार्थी तथा नासिक के ढोल ने एकम के जुलूस को भव्यता प्रदान की। नगर के विभिन्न सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों ने जुलुस का स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने अपने मित्र मंडल के साथ श्रीजी की पूजा अर्चना की तथा मुनि श्री मार्दव सागर एवं आर्यिकारत्न चरणमति माता की चरणवंदना की। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष आनंद पोरवाल, मंत्री कैलाश जैन चित्रलोक, अलीपुर दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष धर्मेन्द्र जैन, गंज मंदिर व्यवस्थापक नरेन्द्र गंगवाल, मोहित कासलीवाल, पूर्व अध्यक्ष यतेन्द्र जैन भूरू, तपस्वी नरेन्द्र जैन उमंग, सुमत जैन स्विस्तक, मनोज जैन जेबीजी, नरेन्द्र पोरवाल, विनोद जैन कनक, मनोज जैन अध्यापक, मुकेश जैन मावा आदि का दुपट्टा डालकर सम्मान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, गायत्री परिवार प्रमुख मोहन सिंह अजनोदिया, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रदीप प्रगति, मनोज सोनी काका, पूर्व पार्षद नरेन्द्र कुशवाह, शैलेष राठौर आदि उपस्थित थे।

**नपाध्यक्ष ने किया स्वागतः** श्री दिगंबर जैन समाज के दस लक्षण महापर्व पर्युषण के समापन अवसर पर श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर से भव्य चल समारोह प्रारम्भ हुआ जो अलीपुर क्षेत्र के प्रमुख मार्गो से होता हुआ पुनः मंदिर परिसर पहुंचा। नगरपालिका द्वारा अलीपुर चौराहा पर मंच बनाकर नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य मे चल समारोह मे शामिल वेदी की पूजा अर्चना कर समाज के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन, आशीष जैन, सुरेश जैन, इंदरमल जैन, सुरेंद्र जैन शिक्षक, ओमप्रकाश जैन, श्रीपाल जैन, अरुनकुमार जैन, अनिल जैन, प्रणय जैन, निर्मल जैन, कोमल लक्ष्यपति, अमोद जैन, पारस जैन का नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, सोनू गुणवान आदि द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।



### धार्मिक जुलूस में डीजे की आवाज से बिगड़ी युवक की तबियत, कराया मामला दर्ज

**गुना देशबन्धु।** शहर में त्यौहारी सीजन में बेलगाम डीजे की आवाज लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर रही है। गत दिवस एक धार्मिक जुलूस में डीजे की तेज आवाज से एक युवक की अचानक तबियत बिगड़ गई।

जिसने शनिवार को सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर डीजे चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मोहम्मद इस्तयाक उर्फ पप्पे पुत्र मोहम्मद इकबाल खान (31) निवासी पुलिस चौकी के पास बूढ़ेबालाजी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 27 सितंबर की शाम वह सामान खरीदने के लिए सदर बजार आया था। उस दौरान सदर बजार से ईद मिलाद उन नवी का जुलूस निकल रहा था।

जिसमें एक गाडी क्रमांक एमपी 07 जीए 0375 में लगे डीजे बाला बहुत तेज आवाज में डीजे बजा रहा था। डीजे की आवाज से उसे बैचेनी होने लगी तो वह सामान खरीदे बगैर अपने घर चला गया था।

### विश्व रक्तदान शिविर पर सैकड़ों जनों ने किया रक्तदान

**गुना देशबन्धु।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय गुना के रेडक्रॉस भवन में सुबह 9 बजे से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे भारत विकास परिषद, जिला रेडक्रास संघ के सदस्यों सहित नगर वासियों ने बड़ चढक़र हिस्सा लिया। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ राजकुमार ऋषिवर, सिविल सर्जन डॉ एसओ भोला, भाजपा नेता विकास जैन ने सभी रक्तदाताओं का माला पहनाकर सम्मानित किया और उनको प्रसस्ति पत्र प्रदान किया।

## कांग्रेसियों ने किया जयवर्धन सिंह का स्वागत



**आष्टा देशबन्धु।** राहुल गांधी की सभा के लिए पोलय जाते समय प्रदेश के पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का वरिष्ठ कांग्रेस नेता बल बहादुर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नए बस स्टैंड पर स्वागत किया गया । इस अवसर पर क्षेत्र के समस्त कांग्रेस जन मौजूद थे। क्षेत्र के कांग्रेसियों द्वारा जयवर्धन सिंह का गर्म जोशी से स्वागत किया गया उसके उपरांत एक काफिले के रूप में सभा स्थल पर पहुंचे। इस स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से बल बहादुर सिंह ठाकुर पूर्व जनपद अध्यक्ष कांग्रेस नेता भैया मियां जनपद उपाध्यक्ष सौभाल सिंह ठाकुर ,भैया एमपी ,डॉक्टर मीना सिंगी , विनीत सिंगी, सुनील सेठी ,पूर्व पार्षद इदरीस मंसूरी ,शेख नईमुद्दीन सोभाल सिंह ठाकुर बागैर महेंद्रसिंह टीपाखेड़ी, विश्राम सिंह ठाकुर, विक्रम सिंह ठाकुर मोहम्मद खालिद आदि मौजूद थे।

# मंगल भवन की राशि आई तो रजक महासमाज देगा भाजपा का साथ



**गुना देशबन्धु।** रजक महासमाज मध्य प्रदेश संगठन जिला इकाई गुना की बैठक आज पुरानी गल्ला मंडी सिंधिया पार्क में रखी गई। इस बैठक में मंगल भवन, संत श्री गाडगे बाबा की मूर्ति स्थापना सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही यह तय किया गया कि यदि भाजपा सरकार मंगल भवन बनाने की राशि शीघ्र देती है तो आगामी विधानसभा चुनाव में रजक महासमाज भाजपा का साथ देगा। बैठक में मंगल भवन का विरोध करने वाले धोबी संघ नेताओं का निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

रजक महासमाज मध्य प्रदेश संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश रजक मातापुरा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज की बैठक सिंधिया पार्क पुरानी गल्ला मंडी में प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण भड़ेरिया की अध्यक्षता में रखी गई। इस बैठक में बताया गया कि प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा शिवराज सरकार से मंगल भवन बनाने के लिए 50 लख रुपए की राशि मांगी गई थी। इसके क्रम में भाजपा सरकार के निर्देश पर नगर पालिका की प्रशासनिक टीम ने 8 सितम्बर 23 को मंगल भवन का स्थल निरीक्षण किया था और नगरपालिका के द्वारा 11 सितंबर 23 को मंगल भवन का सम्पूर्ण प्रपोजल तैयार कर शासन को भेजा गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि यदि मंगल भवन की राशि 50 लाख रुपये शिवराज सिंह सरकार द्वारा गुना शीघ्र भेजी जाती है तो रजक महासमाज आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा का खुलकर साथ देगा। साथ ही बैठक में रजक समाज के आराध्य देव संत श्री गाडगे बाबा की मूर्ति स्थापना की अनुमति के लिए भी चर्चा की गई। इसमें यह तय हुआ कि जो भी गुना विधानसभा से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेगा उसकी जिम्मेदारी होगी कि वह संत गाडगे बाबा की मूर्ति स्थापना की अनुमति शीघ्र दिलाये तो रजक महासमाज संगठन विधानसभा चुनाव में भाजपा का खुलकर साथ देगा। बैठक के दौरान मंगल भवन के नक्शा, स्वीकृति के कागज बैठक में उपस्थित सभी लोगों को प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण भड़ेरिया ने दिखाये। जिसमें नगर पालिका के द्वारा प्रपोजल तैयार कर शासन को भेजने का पत्र भी सभी लोगों को दिखाया गया।

इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण भड़ेरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश रजक मातापुरा, मंत्री राजेश रजक मावन, राजकुमार रजक, राकेश नोनेरिया, संभाग अध्यक्ष बंटी झाला, संभाग महामंत्री दिनेश रजक पीओपी, जिला अध्यक्ष छोटेलाल रजक, जिला उपाध्यक्ष मुकेश रजक, घनश्याम वासत्री, रामपाल रजक, नीरज रजक, युवा जिला अध्यक्ष गोविंद रजक, रामदयाल रजक, मनीराम रजक, राजू रजक, सौरभ रजक, संतोष रजक, दशरथ रजक, अजय रजक, मोहित रजक सहित अन्य लोग उपस्थित है।

# दो दोस्तों ने भदभदा पुल से तालाब में छलांग लगाकर की खुदकुशी


रवि राठौर


रोहित राजपूत

**भोपाल, देशबन्धु।** भदभदा पुल से शनिवार की रात दो दोस्तों ने एक साथ तालाब में छलांग लगा दी। पुलिस ने एक के शव को शनिवार की रात को ही बरामद कर लिया था, जबकि दूसरे का शव रविवार दोपहर मिला। सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। रातीबढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिए गए हैं।

रातीबढ़ थाना के प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार देर शाम भदभदा पुल से दो युवकों के बड़े तालाब में छलांग लगाने की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवकों की तलाश शुरू कराई और रात करीब 9 बजे एक युवक का शव मिला। उसकी शिनाख्त रोहित राजपूत पुत्र मुकेश राजपूत उम्र 20 वर्ष निवासी ईश्वर नगर हे-6 अरेरा कालोनी के रूप में हुई। वहीं पता चला कि इसके साथ तालाब में कूदने वाला दूसरा युवक रवि राठौर पुत्र कमलेश उम्र 24 वर्ष निवासी सांईबाबा मंदिर के पीछे नेहरू नगर है। इसके बाद दोनों के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। वहीं दूसरे युवक की तलाश जारी रखी, लेकिन रात में अंधेरा होने के कारण उसका पता नहीं चल सका। लिहाजा रोहित के शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। वहीं रविवार को सुबह से पुन: रवि की तलाश शुरू की। इसके बाद दोपहर में उसका भी शव मिल गया। इसके बाद पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला खुदकुशी का लग रहा है। लेकिन पहले एक युवक पानी में कूदा उसके पीछे दूसरे ने भी छलांग लगाई। लेकिन दोनों ने यह कदम क्यों उठाया इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर खुदकुशी के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

## नौकरी करने को लेकर बेहद खुश था रवि

रवि के बड़े भाई भूपेंद्र ने बताया कि 12 वीं तक पढ़ा था। पूर्व में वह एक कपड़ों की दुकान में काम करता था। पिछले कुछ समय से बेरोजगार था। हाल ही में उसकी आयसर कंपनी में नौकरी लगी थी, जिसमें तीन अक्टूबर से उसे नौकरी पर जाना था। रवि नौकरी करने को लेकर बेहद खुश था। शनिवार शाम को जब वह घर से निकला तो मां को बताकर गया था कि कुछ देर में लौट रहा है। लेकिन इसके बाद उसकी मौत की सूचना मिली। उसने कभी किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया। परिवार में भी कोई परेशानी नहीं है। मैं ऑटो पार्ट्स की दुकान में काम करता हूं। पिता अपना कारोबार करते हैं।

## दोस्त को छोड़ने का बोलकर घर से निकला था रोहित

रोहित के मुकेश ने बताया कि रोहित दसवीं कक्षा के बाद पढ़ाई को छोड़ चुका था। वह डाइमंड फैक्ट्री होशंगाबाद रोड पर नौकरी करता था। शनिवार शाम को उसका दोस्त रवि घर आया था। दोनों घर के बाहर कुछ देर तक बातें करते रहे। शाम करीब 6 बजे रोहित दोस्त को छोड़ने जाने को बोलकर घर से निकला था। रात करीब 9 बजे हमें फोन पर सूचना मिली कि आपके लड़के ने एक अन्य युवक के साथ तलाब में कूदकर जान दे दी है। हम तत्काल भदभदा पहुंचे। जहां पहले से ही गोताखोर शव को तलाश रहे थे। रवि का शव बरामद किया जा चुका था, जबकि रोहित की शव रविवार की दोपहर मिला परिजनों ने बताया कि रवि मोबाइल को घर पर ही छोड़कर गया था। उसके मोबाइल में कोई पत्र नहीं मिला। घर में भी कोई पत्र नहीं छोड़ा है। हमें मौके पर भुट्टा बेचने वाले एक युवक ने बताया था कि दोनों एक साथ कूदे हैं।

## दोस्त की प्रताड़ना से तंग युवक ने दी जान

**भोपाल, देशबन्धु।** एक युवक को दोस्त ने बलात्कार के झूठे प्रकरण में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। उसकी आए दिन की धमकियों से प्रताड़ित होकर युवक ने बड़े तालाब में छलांग लगाकर खुदकुशी कर लिया। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात पुलिस ने उसका शव राजा भोज की प्रतिमा के पास से बरामद किया है।

पुलिस के मुताबिक लांजी निवासी मिथलेश कुमार दुरकुटे पुत्र भूपेश कुमार दुरकुटे 26 फिलहाल भोपाल के एयरपोर्ट रोड पर बनी दाता कॉलोनी में बहन के घर में रह रहा था। यहां बीमार मां का इलाज कराने आया था। शनिवार को बिन बताए बहन के घर से निकला था। इसके बाद वह व्ही आई पी मार्ग स्थित राजा भोज की प्रतिमा के पास पहुंचा और तालाब में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की। रात करीब 1 बजे उसका शव तालाब से बरामद किया गया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के पहुंचने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया।

उधर मिथलेश के परिजनों की ओर से रविवार को सोशल मीडिया में तीन पेज का पत्र प्रसारित किया गया है, जो मिथलेश के द्वारा खुदकुशी से पहले लिखा होने का दावा किया जा रहा है। इस सुसाइड नोट में लिखा है एक दोस्त एक युवती के साथ मिलकर उसे ब्लैकमेल कर रहा है। बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है। उसने मुझे जबरन एक कमरे में बंधक बनाया। एक लड़की के साथ तस्वीरें लीं, वीडियो बनाई। इन्ही को प्रसारित करने की भी धमकी देता है। उसने एक अन्य दोस्त की कार चोरी की है, इसका इल्जाम भी मेरे पर ही आ रहा है। जबकि सब जानते हैं। मैं भला व्यक्ति हूं...इज्जत से बड़कर मेरे लिए कुछ नहीं है। मुझे तो कार चलाना भी नहीं आता है। मजबूरन आदर्श नाम के दोस्त के कारण जान देनी पड़ रही है। आदर्श लांजी का ही रहने वाला है। वह फिलहाल कोलार में रहता है। उसी के कारण जान दे रहा हूं। वही मेरी मौत का जिम्मेदार है।

# अध्यापकों ने लगाया वादाखिलाफी का आरोप, दिया धरना




**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने शाहजहांनी पार्क में धरना देकर प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आचार संहिता लगने से पूर्व सभी आदेश जारी करने की मांग की है।

मोर्चा के उपेन्द्र कौशल ने बताया कि 10 सितंबर को मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा में मुख्यमंत्री ने आश्वत किया था कि अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों की सेवा अवधि (वरिष्ठता) की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाएगी। वहीं उनके क्रमोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति नियमों को शिथिल करने के आदेश एक सप्ताह में जारी कर दिए जाएंगे। लेकिन तीन हफ्ते बाद भी आदेश जारी नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि वादे पूरे न होने से तीन लाख अध्यापक आक्रोशित हैं। इसलिए धरना एवं सभा के माध्यम से मुख्यमंत्री को उनके वादे याद दिला रहे हैं। सभा को राकेश दुबे, राकेश पांडे, जितेन्द्र शाक्य, राजेश साहू, कमल बैरागी, जगत पटेल, प्रेमसिंह सहित मोर्चे के अनेक पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

## कल संचालनालय का घेराव करेंगे ननि के कर्मचारी

**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय निकायों के दैनिक वेतन भोगी और विनियमित कर्मचारियों को नियमित करने सहित पांच मांगों को लेकर भोपाल नगर निगम के कर्मचारी तीन अक्टूबर को नगरीय प्रशासन संचालनालय का घेराव करेंगे। इस दौरान आयुक्त नगरीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मध्य प्रदेश शासकीय वाहन चालक, यांत्रिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष साबिर खान ने बताया कि प्रदेशभर के नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद के कर्मचारियों की मांगें वर्षों से लंबित हैं, जिनका निराकरण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि तीन अक्टूबर को संचालनालय का घेराव करने के बाद आयुक्त नगरीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा प्रदर्शन में भोपाल नगर निगम के लगभग दो हजार कर्मचारी शामिल होंगे। इनमें वाहन चालक, मैकेनिक, ऑपरेटर, सफाई कर्मी, दरोगा, सुपर वाइजर, कार्यालयीन कर्मचारी, जल विभाग के कर्मचारी, परियोजना के कर्मचारी, सीवेज विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# मवेशियों के तबेले में फंदे पर लटका मिला युवक

## पत्नी के मायके जाने के बाद से लापता था



**भोपाल, देशबन्धु।** गांधी नगर थाना इलाके में रहने वाले युवक का शव मवेशियों के तबेले में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। युवक बीते 13 दिन से लापता था। इसके के पूर्व उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी। पुलिस का अनुमान है कि पारिवारिक कलह के चलते उसने जान दी है। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। गांधी नगर थाना पुलिस के मुताबिक लाऊखेड़ी का रहने वाला 25 विनोद चौहान कबाड़खाने में मजदूरी का काम करता था। पांच साल पहले उसकी शादी शाहपुरा में रहने वाली पिंकी से हुई थी। दोनों के तीन साल और एक साल के दो बेटे हैं। बीती 18 सितंबर को मामूली कहा सुनी के पत्नी मायके चली गई थी। इसके बाद विनोद काम पर जाने का बोलकर घर से निकला था। लौटा नहीं था। इसी सूचना गांधी नगर पुलिस को भी दी थी, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। बताया कि विनोद का घर से करीब एक किलो मीटर की दूरी पर विनोद का एक प्लॉट है, जिसमें उसने शेड डालकर मवेशी पाल रखे हैं। रविवार दोपहर इसमें को बदबू आ रही थी। इस एक महिला ने जब तबेले में झांकर देखा तो विनोद का शव फांसी के फंदे पर लटका दिखा।जिसके बाद में पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव 13 दिन पुरानी होने के कारण सड़ चुका था। रविवार शाम को शव परिजनों के हवाले कर दिया गया।

## कार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार की मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** बैरसिया थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सिर में चोट लगने से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।पुलिस ने बताया कि बेरियाखेड़ी सुठालिया जिला राजगढ़ निवासी मंगल मीना सिंह उर्फ मनीष (20) भोपाल पुताई के ठेकेदारी का काम करता था। सुबह करीब सवा नौ बजे वह अपनी बाइक से बैरसिया होते हुए अपने घर राजगढ़ जा रहा था। तभी इमलिया स्वरूप नरसिंहगढ़ रोड पर किसी अज्ञात तेज रफ्तार कार ने पीछे से उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के बाद उसे एम्बूलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त युवक ने हेलमेट नहीं पहना था।

## नेशनल ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट 5 से

**6 राज्यों की टीमें लेंगी हिस्सा**

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा राजधानी में पहली बार पांच से आठ अक्टूबर तक नेशनल ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होगा। टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गोवा, पंजाब और ओडिशा की क्रिकेट टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम के लिए खेल चुके कई खिलाड़ी भी शामिल हैं।

मध्यप्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन के संयोजक एवं प्रवक्ता डा. राजीव जैन ने बताया कि टूर्नामेंट के सभी मैच ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेले जाएंगे। इस दौरान क्रिकेट मैच देखने के लिए न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के प्रतिनिधि के आने की संभावना है। डा. जैन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से देशभर के प्रतिभावान दृष्टि बाधित क्रिकेटरों को प्रोफेशनल क्रिकेट के मंच तक पहुंचाने में काफी मदद मिलेगी। साथ ही हमारा लक्ष्य भारतीय क्रिकेट को मुख्यधारा में लाने की दिशा में कार्य करना है। ब्लाइंड क्रिकेट में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना भी हमारा उद्देश्य है। गौरतलब है कि ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा कुछ महीने पूर्व ही संगठन के मध्यप्रदेश चैप्टर का गठन किया है। ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन के एमपी चैप्टर के गठन के बाद प्रदेश में यह अपनी तरह का पहला आयोजन है।

### उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया शिक्षक सम्मान समारोह

# माता-पिता व गुरु के प्रति कृतज्ञता का भाव रखने वाला आगे बढ़ता है:-त्रिपाठी

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में गत दिवस उत्साह, उमंग के साथ शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों से कहा कि जब तक आप अनुषासन में रहकर अपने षिक्षकों से अनुभव ग्रहण नहीं करेंगें तब तक आप आगे नहीं बढ़ेंगें, क्योंकि शिक्षकों से बढ़कर हमारा कोई हितैषी नहीं होता। शिक्षक व माता-पिता ही हमारे सच्चे हितैषी होते हैं जो हमें सदैव आगे बढ़ते हुए देखना चाहते हैं अत: माता-पिता एवं गुरुओं का सदैव सम्मान करें और उनका कहना मानें। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि शिक्षक का पेश धन कमाने का साधन नहीं वरन यह कर्त्तव्यपालन का है। यह बड़ी जिम्मेदारी का कार्य है, चूंकि इस




जिम्मेदारी में बच्चों का भविष्य जुड़ा हुआ है । अत: शिक्षक अपने शिक्षकीय पेशे पर गर्व करें और बच्चों को अच्छे संस्कार दें। अंतर्राष्ट्रीय जूडो कोच डीएस धुर्वे ने विचार रखते हुए बताया कि विद्यार्थी जीवन के तीन सौपान है कक्षा, मंच व मैदान। लेकिन इनमें से हम विद्यार्थियों को केवल एक ही सौपान कक्षा दे पा रहे हैं। हमें विद्यार्थियों को दो और सौपान मंच और मैदान भी देना होगा तभी विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो पाएगा। इस अवसर पर शा.बा.उ.मा. विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सपना श्रीवास्तव, आइलदास साधवानी, सुधार सभा के सचिव वासदेव मोतियानी नेअपने विचार रखते

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा लगभग सौ शिक्षक-शिक्षिकाओं का पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। वहीं विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर गोपाल गिरधानी, जनक थद्धानी, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुतापा जॉयसवाल, उपप्राचार्या श्रीमती स्वाति कलवानी, श्रीमती दीपा आहूजा, मधु मेहरचंदानी, मधु तोलानी, पूजा दादलानी, रुपाली मशराम, दीपा पारदासानी, तुलसी मूरजानी, भारती संभवानी, आशू भारानी, हर्षा मोरन्दानी, रजनी सावलानी, जूही चेलानी, ममता शेवानी, सुनीता झूरानी, उषा सिंह बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# आज होंगी ग्राम सभाएं

**भोपाल, देशबन्धु।** गांधी जयंती 2 अक्टूबर पर ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभाओं में शुद्ध पेयजल की नियमित उपलब्धता तथा नल -जल योजना के रख-रखाव की व्यवस्था संबंधी चर्चा एवं प्लंबर/फिटर के प्रशिक्षण के लिए आवेदकों का चयन, स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर सुरक्षित जल के उपयोग, अमृत सरोवर संरचना के रख-रखाव एवं उपयोग, बाल हितैषी एवं महिला सशक्तिकरया विजन, 15वां वित्त आयोग की कार्ययोजना एवं रणनीति, ग्राम पंचायतों में विभिन्न प्रकार की पेंशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों की सूची का वाचन होगा। इसी तरह ग्राम सभा में आयुष्मान सभा एवं आयुष्मान मेले के आयोजन, 0 से 5 वर्ष के बच्चों के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0, जन आरोग्य समिति की बैठक, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक परिवार के न्यूनतम एक सदस्य को ग्रामवासियों द्वारा स्वयं अपना, अपने परिवार के सदस्यों के जन्मदिन, वर्षगांठ आँगनवाडी के बच्चों के साथ मनाए जाने, मुख्यमंत्री लाडली बहना, आवास योजना पर चर्चा होगी। ग्राम सभा में क्ष्क्ष्ठद्ध पंचायत डेवलपमेंट सूचकांक, ग्रामों में ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस की निरंतरता हेतु संकल्प पारित करना, ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन एवं ग्रामों को दृष्ट रूप से स्वच्छ बनाये जाने के विषय पर जागरुकता, स्वछता ही सेवा अंतर्गत ग्रामों में सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक रुप से श्रमदान के माध्यम से सफाई अभियान एवं ग्रामों में स्वच्छता के कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान के साथ अन्य विषय सरपंच की अनुमति पर चर्चा होगी।

# गांधी जयंती के उपलक्ष्य में ईसाई समुदाय ने निकाली सद्भावना रैली




**भोपाल, देशबन्धु।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य में ईसाई समाज ने एक अक्टूबर को राजधानी में सद्भावना रैली निकाली, जिसमें सभी धर्मों के प्रतिनिष्ठित नागरिक शामिल हुए। रैली आशा निकेतन परिसर स्थित एजम्पशन चर्च के गेट से शुरू हुई और पास्टरल सेंटर में शांति सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। शांति सभा को संबोधित करते हुए ज्ञानी गुरपेज सिंह ने कहा कि सभी धर्म हमें प्रेम और सद्भावना का संदेश देते हैं। जिन्हें आत्मसात कर हमें सभी समाजों के साथ समभाव रखना चाहिए। सभा को संबोधित करते हुए आर्चबिशप एएएस दुरईराज, बीके दिलीप, भंते राहुल पुत्र ने शांति और सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम का समन्वय पीआरओ फादर अल्फ्रेड डिसूजा और फादर सूसाई ने किया।

## लायंस क्लब सर्वोदय ने किया पौधारोपण

**भोपाल, देशबन्धु।** लायंस क्लब सर्वोदय द्वारा दानिश कुंज फेज 3 में स्थित पार्क में पौधारोपण किया गया । इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद ज्योति मिश्रा एवं भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष प्रदीप पाटीदार के साथ लायंस क्लब भोपाल सर्वोदय के अध्यक्ष एडवोकेट नोमिन खान,चार्टर अध्यक्ष अंशु सिंह,कोऑर्डिनेटर अनीता मिश्रा, प्रमिला सोरते, जसवंत सिंह,लायन गौरव कुलश्रेष्ठ,लायन निमिषा कुलश्रेष्ठ,लायन सुषमा कुलश्रेष्ठ राजकुमारी श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव सहित कालोनी के रहवासी उपस्थित थे।

## शिकायत अब ऑनलाईन भी

**भोपाल, देशबन्धु।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर एवं नागरिक सेवा केंद्र यानि सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

# अपने व्यक्तित्व में अनेक खूबियां समेटे थे अगनानी - डॉ कमला



**भोपाल, देशबन्धु।** साहित्य अकादमी संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार ने राष्ट्रीय सिंधी नाटक समारोह के दूसरे दिन आज सिंधी भाषा के वरिष्ठ लेखक, नाटककार कार्टूनिस्ट स्व.सुंदर अगनानी के जीवन पर डॉ कमला गोकलानी के व्याख्यान का आयोजन किया।

रविंद्र भवन में व्याख्यान में डॉ कमला ने कहा कि सुंदर अगनानी ऐसे व्यक्तित्व का नाम है जो एक साथ अनेक खूबियां समेटे हुए थे। उन्होंने लेखन में कई प्रयोग किए। उनकी बीस कृतियां प्रकाशित थीं, जिनमें कार्टून कला पर पांच पुस्तकें भी शामिल हैं। उन्होंने कहानियां लिखीं और नाटकों का भी लेखन किया। भारत में सिंधी ड्रामा फेस्टिवल आयोजित करने की परंपरा उन्होंने ही प्रारंभ की। सिंधी नाटकों के विकास में और भाषा के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। वे सिंधी भाषा और साहित्य के एनसाइक्लोपीडिया थे। उन्होंने अनेक प्रकाशनों में आकल्पन का कार्य किया। सुंदर जी के विशेष सौंदर्य बोध की सभी तारीफ करते थे।

साहित्य अकादमी के सिंधी भाषा के सलाहकार बोर्ड के सदस्य अशोक मनवाणी ने अकादमी की गतिविधियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर वरिष्ठ लेखक मोहन गेहानी ने डॉ कमला गोकलानी का साहित्यिक परिचय दिया। इस अवसर पर स्व सुंदर अगनानी के सुपुत्र आईएएस, डॉ मनोहर अगनानी, खीमन यू मूलानी, कन्हैया मोटवानी और बल्लू चोइथानी सहित अनेक वरिष्ठ सिंधी रंगमंच के कलाकार, लेखक उपस्थित थे।

### सम्मान

कार्यक्रम में चंद माखीजा की अनुपस्थिति में मुंबई के रंगमंच कलाकारों ने प्रथम सुंदर अगनानी कला सम्मान ग्रहण किया। प्रशस्ति पत्र का वाचन अशोक मनवानी ने किया। सिंधी रंग समूह ने नाट्य समारोह में आए निर्देशकों प्रेम प्रकाश अहमदाबाद, जूली तेजवानी मुंबई नीरू असरानी मुंबई, अशोक बुलानी, भोपाल और नंदिनी पंजवानी जयपुर का सम्मान भी किया।

## कहना, सुनना और समझना भी कला है -डॉ. स्वाति



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा व्यख्यानमाला श्रृंखला के अन्तर्गत विद्या भवन सभागार में डॉक्टर स्वाति तिवारी ने क्या आप सुन रहे है विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी बात को कहने और सुनने के पश्चात समझने पर प्रतिक्रिया देनी चाहिए। तुरंत प्रतिक्रिया से वस्तुस्तिथि का आंकलन नहीं हो पाता। यह कोई जरूरी नहीं की सभी का व्यक्तिगत विचार सही हो। एसोसिएशन सदस्यों ने विषय पर प्रश्न भी किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमए के उपाध्यक्ष एन के छिब्बर ने की। राजेश तिवारी ने विषय प्रवर्तन कर स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र जोशी ने और आभार प्रदर्शन आरजी दिवेदी ने किया।

देशबन्धु

भोपाल, सोमवार 2 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## गांधी को स्वीकारने-नकारने की ऊहापोह

अपनी मृत्यु के 76 वर्षों के बाद भी सारी दुनिया जिस व्यक्ति के आगे नतमस्तक होती है, उनका अपना देश एक बार फिर उनकी जयंती मना रहा है। पिछले लगभग एक दशक से महात्मा गांधी की जयंती हो अथवा पुण्यतिथि, उन्हें याद करते वक्त देश के सामने यह द्वंद्व बराबर खड़ा होता है कि बापू को स्वीकारें या अब वे त्याज्य हैं? ऊहापोह की यह स्थिति तैयार की गई है, कृत्रिम है; वरना जैसे व जितने लम्बे समय से गांधी जी के नाम को मिटाने के प्रयास हुए हैं, वे सफल हो जाते तो उनके नाम पर होने वाले आयोजन कब के रुक गये होते। उनकी नश्वर काया को मिटाने वाले लोगों, विचारधाराओं और संगठनों ने सोचा भी न होगा कि शरीर छोड़ देने के बाद भी वे ऐसी लम्बी पारी खेलेंगे जो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। उल्टे, उनका नामो-निशान मिटाने की जितनी कोशिशें हो रही हैं, गांधी का नाम उतना ही बोल्ड और ज़ूम होता जा रहा है। खैर, गांधी को सहेजने और निपटाने की इस रस्साकशी में देश सोमवार को उन्हें फिर से याद कर रहा है। उनके नाम पर होने वाले छोटे-बड़े आयोजनों में उन्हें भी शामिल होना पड़ता है जो यह करना कतई नहीं चाहते। करते भी हैं तो अनिच्छा से।

तो भी, गांधी का केवल नाम बचाये रखना काफी नहीं है। उनके विचारों को अमल में लाना आज भी भारतीय समाज के सामने एक बड़ा टास्क बना हुआ है। गांधी खुद का नाम अमर करने या देश भर में अपनी बड़ाई के किस्से प्रसारित करने के पक्ष में बिलकुल नहीं थे परन्तु उनके रहते और उनके बाद की दुनिया ने उनका कहा नहीं माना। ऐसा इसलिये क्योंकि गांधी विश्व के लिये ज़रूरी हैं। मानवीयता के लिये अपरिहार्य भी।

गांधी जी को इस हयात से रुख़सत हुए तकरीबन उतने ही साल हुए हैं जितनी पुरानी हमारी आजादी है। स्वतंत्र भारत ने अभी अपनी आंखें ठीक से खोली भी न थीं, कि उसके सामने यकायक बड़ा अंधेरा छा गया था- 30 जनवरी, 1948 को। फिर भी, वे ही रोशनी बने जिनकी अदृश्य ऊंगलियां थामकर हमारे रहनुमाओं ने देश को आगे बढ़ाया। कई सरकारें आईं और गईं। ऐसा नहीं कि इनमें सारे गांधीवादी थे। यहां तक कि उनके तत्काल बाद आई सरकारों ने तो गांधीवादियों की बीज-पुस्तिका 'हिन्द स्वराज' के कई सिद्धातों व विचारों को काटते हुए आधुनिकता का रास्ता अपनाया। बड़े कल-कारखाने, विशालकाय बांध तो उनके राजनैतिक वारिस और प्रिय शिष्य जवाहरलाल नेहरू ने बनवाये। इनके पूर्ण होने के काफी पहले ही बापू जा चुके थे। अगर वे होते भी या ऊपर से देख सकते तो वे ख़ुश ही होते कि उनका पट्टशिष्य ये सारे उपक्रम समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने के लिये कर रहा है। फिर, नेहरू ने गांधी के अमृत तत्वों को सहेजकर रखा और सियासत को उन पर हावी नहीं होने दिया। कमोवेश, यह सिलसिला वर्तमान सरकार के पहले तक जारी रहा और गांधी हर तरह की व्यवस्थाओं के बीच भी बच गये- 1991 में आई वैश्विक अर्थव्यवस्था की बाढ़ भी उस उपजाऊ मिट्टी को बहाकर नहीं ले जा सकी जिसमें गांधी विचारों के बीज छिड़के हुए थे। पीवी नरसिम्हा राव हों या आर्थिक सुधारों के पुरोधा डॉ. मनमोहन सिंह अथवा संचार क्रांति के प्रणेता राजीव गांधी- किसी ने भी अपनी कार्य प्रणाली से इस पवित्र नाम को दफ़्न नहीं किया।

गांधी को बचकानी व हास्यास्पद चुनौतियां देना हालिया राजनीति की देन हैं जिसने इसके लिये लम्बा इंतज़ार किया था। जितनी पुरानी हमारी स्वतंत्रता है या जितने साल बापू को जाकर हो गये हैं- उससे करीब 25 साल ज्यादा का। 1924 में बने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्वतंत्रता आंदोलन का रास्ता अलग था, यह भी नहीं कहा जा सकता क्योंकि ऐसी किसी राह पर यह संगठन चला ही नहीं। उलटे, वह गांधी जी के नेतृत्व में जारी संघर्ष का मुख्य अवरोध रहा। फिर भी, गांधी को लोग ससम्मान रास्ता देते गये और जनसामान्य को वे ही अपनी मुक्ति का मार्ग महसूस होते रहे। अब परिस्थितियां बदली हुई हैं। एक ओर भरी लोकसभा में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी बसपा सदस्य दानिश अली को सम्प्रदायकसूचक अपशब्द कहकर पार्टी के भीतर बड़ी जिम्मेदारी पा जाते हैं और गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त कहने वाली प्रज्ञा ठाकुर को वे (मोदी) चाहें दिल से माफ न कर पाये हों, पर उन्हें बरास्ता भोपाल लोकसभा तक पहुंचाते हैं, वहीं पीएम जी-20 सम्मेलन में आये मेहमानों को राजघाट पर एकत्र कर यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि भारत आज भी गांधी का देश है। यह मोदी को हैरान से ज्यादा व्यथित करने वाला होता होगा कि दुनिया में वे जहां भी जाते हैं, गांधी जी उनका पीछा नहीं छोड़ते। उन्हें वहां के चौक-चौराहों पर लगी गांधी प्रतिमाओं के सामने शीश नवाना होता है- सिर्फ फोटोबाजी के लिये नहीं वरन स्वयं को एक मानवीय समाज का हिस्सा बतलाने के लिये। मेजबान हों या भारत आने वाले विदेशी मेहमान, उनकी पीड़ा को यह कहकर बढ़ाते हैं कि भारत की पहचान गांधी से है।

दिलचस्प यह है कि भारत में राजनीति करने वाले गांधी विरोधियों को भी अपनी प्रासंगिकता साबित करने के लिये गांधी का जपनाम करना पड़ता है। गांधी को अपशब्द कहकर वे कुछ सनसनी फैला सकते हैं, मनोरंजन भी करते हैं परन्तु इससे वे अपनी विश्वसनीयता और प्रासंगिकता खो बैठते हैं। वह इसलिये क्योंकि आज भी बापू आदर्शों व मूल्यों के अल्टीमेट मानक बनकर ऐसी आसमानी ऊंचाई पर विराजमान हैं कि उन्हें धकियाकर कोई व्यक्ति या विचारधारा सभ्य समाज में चल-फिर नहीं सकती।

# राहुल का साहसिक लेख : हिन्दू होने का मतलब निर्भय!

गांधी जयंती से ठीक पहले राहुल गांधी ने बेमिसाल काम किया है। कठिन दार्शनिक एवं आध्यात्मिक विषय पर लिखने का। परिवारवाद का आरोप हमें तो यहां बिल्कुल सही लगता है। अपने पूर्वजों की तरह लिखने पढ़ने से नाता जोड़े रखने की परंपरा कायम रखने को ही तो यह लोग परिवारवाद कहते हैं!

नेहरू ने कई किताबें लिखी हैं। बहुत गहन विषयों पर। इतिहास और संस्कृति पर। मगर यहां उद्देश्य नेहरू पर बात करना नहीं है। नेहरू तो इस प्रसंगवश आ गए कि राहुल उस परिवार के हैं तो वह डीएनए जो शब्द हमारे प्रधानमंत्री जी को बहुत प्रिय है और वह पूरे एक राज्य बिहार का बता रहे थे तो वह डीएनए लिखने पढ़ने का सत्य और साहस का देशप्रेम का तो आएगा ही।

मगर यहां बात शुरू की थी हमने गांधी जयंती से। तो गांधी जयंती पर राहुल ने लिखा है सत्यम शिवम सुन्दरम। हिन्दू होने का अर्थ। भय की तलहटी तक जाकर सत्य को देखने का साहस। यही तो गांधी जी कहते थे। हिन्दू होने का मतलब है- दया सहिष्णुता समावेश। गांधी जी के यंग इन्डिया, हरिजन और नवजीवन में छपे लेखों का एक संग्रह है हिन्दू धर्म क्या है! इसमें गांधी वही ढूंढ़ते हैं जो राहुल ने अपने इस लेख में तलाशने की कोशिश की है। और नेहरू फिर यहां आएंगे। अपने उन विचारों के लिए जिन पर सब से कम लिखा गया है और वह हैं- उनके अपने धर्म हिन्दू पर उनके विचार। हिन्दू पर वे कहते हैं कि बाकी सभी धर्मों की बातों की तरह यहां भी कई रुढ़ियां हैं। मगर हिन्दू धर्म क्रान्तिकारी और मौलिक विचारों पर चर्चा के लिए हमेशा तैयार रहता है।

आज जब सारी राजनीति हिन्दू पर की जा रही है और उसे एक वोट बैंक में बदलने की कोशिश की जा रही है तो गांधी-नेहरू की परंपरा में राहुल के इस विषय पर विचार बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। राजनीति और धर्म को अलग रखने की बात बहुत पुरानी है। और जिसने यह कर लिया वह विकसित भी हो गया। यूरोप ने सबसे पहले किया था। चर्च ने खुद माना था कि राजनीति उसका विषय नहीं है और वह खुद को केवल धार्मिक कार्यकलापों तक ही सीमित रखेगी। यह दो सौ साल पुरानी बात है। फ्रांसीसी क्रान्ति के बाद।

उसके बहुत बाद इन्डिया और पाकिस्तान दो देश एक साथ बने। इन्डिया ने राजनीति को धर्म से अलग रखा और उधर पाकिस्तान ने राजनीति पर धर्म हावी कर दिया। दोनों के परिणाम आप देख सकते हैं। किसी उदाहरण की जरूरत नहीं।

भक्त क्या कहते हैं कहने दीजिए। खुद प्रधानमंत्री भी कि 2014 से पहले भारत में पैदा होना शर्म की बात होती थी। इन बातों को दुनिया में कोई गंभीरता से नहीं लेता। मजाक का विषय है। असली बात यह कि दुनिया भर में भारत के पढ़े-लिखे लड़के और लड़कियां जो नेहरू के बनाए आईआईटी, एम्स, आईआईएम और दूसरे उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़े थे पहुंच गए। और वहां अपने प्रोफेशनल काम से भारत का नाम ऊंचा किया। आज तो



शकील अख्तर

> हिन्दू होने का मतलब उदार समावेशी हर प्राणी की चिंता और रक्षा करना है। यही मानवता का सिद्धांत है। हर धर्म का मूल। हिन्दू-मुसलमान-सिख-ईसाई सब का। राहुल ने प्रेम का रास्ता खोल दिया। हिन्दू देश का बहुसंख्यक है। जीत-हार वही तय करता है। राहुल ने उनसे सीधा संवाद किया है। एक हिन्दू होने के नाते अपने धर्म पर बात करना उनका अधिकार है।

हम इस मानसिक दिवालिएपन का शिकार हो रहे हैं कि देश को इन्डिया नहीं भारत कहें। जैसे भारत कहने से दुनिया मान जाएगी कि मणिपुर में महिलाएं और बच्चे सुरक्षित हैं। वहां सैंकड़ों चर्च नहीं जलाए गए। जिस पार्टी भाजपा की वहां दो-दो सरकारें हैं। केन्द्र और राज्य दोनों की जिन्हें वे गर्व से डबल इंजन कहते हैं उसके मणिपुर से केन्द्र में मंत्री जो विदेशी मामलों के मंत्री हैं आर के रंजन उनका घर दो बार जला दिया। और कहां राजधानी इंफाल में! खुद पार्टी भाजपा का प्रदेश कार्यालय जला दिया गया। प्रदेश पार्टी अध्यक्ष शारदा देवी के घर पर पथराव हुआ। वे कह रही हैं कि मेरा घर जला देगें। ये सब सरकार के लोग कह रहें हैं कि राज्य में कोई कानून व्यवस्था नहीं हैं।

मगर हम हर जगह प्रधानमंत्री विदेश मंत्री के सामने लगी नेम प्लेटों में भारत लिखवाकर ऐसे खुश हो रहे हैं जैसे इससे मणिपुर की खबरें दब जाएंगीं। दुनिया कहेगी टुरिज्म के लिए बेस्ट शांत और सुरक्षित जगह! खासतौर से महिलाओं के लिए!

संसद में जो आज तक नहीं हुआ। वहां खुले आम गालियां दी जा रही हैं। और देने वाले भाजपा सांसद को इनाम दिया जा रहा है। और हम सोच रहे हैं कि अगर नाम भारत हो जाए तो यह खबर कहीं नहीं पहुंचेगी कि भारत में धर्म के आधार पर सत्तारुढ़ पार्टी का सांसद गालियां देता है। और पार्टी उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के बदले उसे राजस्थान के टोंक में जो एक पुरानी नवाबी रियासत रही है वहां का इन्चार्ज बनाकर गाली अभियान को और आगे बढ़ाने के लिए भेज देती है।

अरब देशों से भारत के बहुत अच्छे संबंध हैं। वहां लाखों भारतीय काम करते हैं। बड़ी तादाद में विदेशी मुद्रा यहां भेजते हैं। उन देशों से और मधुर संबंध बनाने के लिए लोकसभा में दी गालियों का अरबी और अंग्रेजी में ट्रांसलेशन सिखा कर इन सांसद महोदय को वहां विशेष दूत बनाकर भेजना चाहिए।

तो ऐसे समय में जब सब कुछ वोटों के लिए हो रहा हो। देश की संस्कृति, गौरवशाली परंपराओं, विदेश में उसके सम्मान किसी की कोई चिन्ता न हो। वोट चुनाव जीतना ही सिद्धांत निष्ठा सब बन जाए तब राहुल का यह लिखना साहस का काम है कि निर्बल की रक्षा का कर्तव्य ही हिन्दू धर्म है। संसार की सबसे असहाय पुकारों को सुनना और उनका समाधान ढूंढना ही उसका धर्म है।

उनके पास चुनाव जीतने का एक ही तरीका है। नफरत और विभाजन की राजनीति। मणिपुर में चर्च जल रहे हैं। ट्रेन में नाम पूछकर ड्यूटी पर सुरक्षा के लिए तैनात सिपाही मुसलमानों को गोली मार रहा है। स्कूल में एक जगह शिक्षिका एक मुसलमान लड़के को दूसरे लड़कों से पिटवाती है। तो दूसरी जगह टीचर लड़कियों को जातिसूचक नाम से पुकार कर रोज उनका अपमान करते हैं। मध्य प्रदेश में एक आदिवासी के सिर पर भाजपा का नेता पेशाब करता है। ऐसी जाने कितनी घटनाएं पिछले साढ़े 9 साल में हुई हैं। मुसलमानों की लिंचिग, दलितों को गुजरात में कपड़े उतार कर खंबे से बांध कर मारना। दलित छात्र रोहित वेमुला को इतना सताना कि उसे होस्टल से बाहर निकलना पड़े और फिर आत्महत्या करना पड़े। कितनी एक से एक अमानवीय घटनाएं हैं। भयावह! पूरे देश को भय के अंधे कुएं में धकेल देने की कोशिश।

इसी के खिलाफ राहुल बोलते हैं। लड़ रहे हैं। और अभी यह लेख लिखा है। भय को पहचानने और उसे जीतने की कोशिश का। सबको साथ लेकर चलने का। सभी धर्मों का सार यही है। राहुल ने इसे हिन्दू धर्म के आइने में लिखा है। और सही है अपने धर्म का सही स्वरूप लोगों को बताना। ऐसे समय में तो बहुत जरूरी है जब धर्म के नाम पर ही राजनीति की जा रही हो। लेकिन जैसा कि इस लेख में राहुल ने लिखा धर्म को कुछ चीजों तक सीमित करना उसका अल्प पाठ होगा।

हिन्दू होने का मतलब उदार समावेशी हर प्राणी की चिंता और रक्षा करना है। यही मानवता का सिद्धांत है। हर धर्म का मूल। हिन्दू-मुसलमान-सिख-ईसाई सब का। राहुल ने प्रेम का रास्ता खोल दिया। हिन्दू देश का बहुसंख्यक है। जीत-हार वही तय करता है। राहुल ने उनसे सीधा संवाद किया है। एक हिन्दू होने के नाते अपने धर्म पर बात करना उनका अधिकार है। देश कल कौन सा रूप लेगा यह हिन्दू ही तय करेंगे। एक तरफ भाजपा है जो धर्म का विकृत रूप पेश करने की कोशिश कर रही है। दूसरी तरफ राहुल हैं जो लिखकर उसका सौन्दर्य उदारता और करूणामयी रूप दिखा रहे हैं।

तय देश को करना है कि वह गांधी के धर्म के रास्ते जिसे राहुल ने बताने की कोशिश की है उस पर चलेगा या गोडसे के रास्ते पर जहां अब गोलियों के बाद गालियां हिंसक भाषा क्रूरता और विभाजन है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# गांधी : युग से आगे तक

■ **शैलेन्द्र भाटिया**

श्रेयान स्वधर्मो विगुण: परधर्मात्सवनुश्ठितात्।
स्वधर्मे निधनं श्रेय: परधर्मो भयावह:।।

अर्थात ऊंचे परधर्म से नीचा स्वधर्म अच्छा है। स्वधर्म में मौत भी अच्छी है, परधर्म भयावह है। गीता के उक्त श्लोक का उल्लेख बापू गांधी ने अपनी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' में करते हुए कहा है कि देशभक्त को देश सेवा के एक भी अंग की यथासम्भव उपेक्षा नहीं करनी चाहिये। गांधी का आविर्भाव एक युग का आविर्भाव है। बचपन में 'श्रवण-पितृभक्ति नाटक' और हरिश्चन्द्र की कथा को आत्मसात करने वाले मोहनदास ने पग-पग प्रयोग किये एवं सत्य को चुनते गये। विलायत में आर्नल्ड का 'गीता जी' का अंग्रेजी अनुवाद पढ़ने वाले मोहनदास को 'गीता' के इस श्लोक ने एक रास्ता दिखाया -

ध्यायतो विशयान्पुंस: संगस्तेशूपजायते
संगात्संजायते काम: कामात्क्रोधो भिजायते।।
क्रोधाद् भवति सम्मोह: सम्मोहत्स्मृतिविभ्रम:।
स्मृतिभ्रंषाद्
बुद्धिनाषो
बुद्धिनाषात्प्रणष्यति।।

अर्थात विषयों का चिन्तन करने वाले पुरुष को उन विषयों में आसक्ति पैदा होती है, फिर आसक्ति से कामना पैदा होती है और कामना से क्रोध पैदा होता है। क्रोध से मूढ़ता पैदा होती है, मूढ़ता से स्मृति का लोप होता है और स्मृति लोप से बुद्धि नष्ट होती है, जिसकी बुद्धि नष्ट हो जाती है, उसका स्वयं का नाश हो जाता है। उपरोक्त दोनों श्लोक गांधी जी के अन्तर्मन में अन्त तक समाया रहा एवं एक पथ प्रदर्शक की तरह कार्य करता रहा। गांधी जी 10 जून सन् 1891 को बैरिस्टर बने थे। मोहनदास सितम्बर सन् 1888 में जब विलायत में बैरिस्टर पढ़ने के लिये रवाना हुए तो उनकी उम्र मात्र 18 वर्ष थी। इस युवावस्था में ही इन्होंने एडविन आर्नल्ड की 'गीता' व 'बुद्धिचरित' पढ़ा, मैडम बलवास्तकी की पुस्तक 'की टू थियोसाफी', बाईबिल (ओल्ड टेस्टामेण्ट एवं न्यू टेस्टामेण्ट) पढ़ी, यहीं पर इन्होंने ईसा के 'गिरि-प्रवचन' की 'गीता' से तुलना की।'' जो तुझसे कुर्ता मांगे, उसे अंगरखा भी दे दे, ' जो तेरे दाहिने गाल पर तमाचा मारे, बायों गाल भी उसके आगे कर दे' के संबंध में पढ़कर ये यहीं आनन्दित हुए। यहीं पर इन्होंने कार्लाइल की 'हीरो एण्ड हीरो वरशिप' पढ़कर पैगम्बर हजरत मौहम्मद के जीवन से अवगत हुये। नास्तिकता व आस्तिकता के बीच द्वंद भी इसी युवावस्था में विलायत रहने के दौरान हुआ। यहीं पर इन्होंने स्तुति, उपासना, प्रार्थना के संबंध में ज्ञान प्राप्त किया। लैटिन व फ्रेंच भाषा के जानकार मोहनदास ने यहीं पर ब्रम का 'कामन-ला', स्नेल की 'इक्विटी', विलियम्स और एडव्रर्ज की 'स्थावर संपत्ति', गुदीप की 'जंगम संपत्ति' और मेडन का 'हिन्दू-ला' पढ़ा। विलायत में बैरिस्टर की शिक्षा ने श्रवण कुमार, हरिश्चन्द्र, रामायण का ज्ञान रखने वाले मोहनदास को जहां विश्व के अनेक धर्मों से रूबरू कराया वहीं आधुनिक कानून की पढ़ाई का समन्वय कराकर एक 'तार्किक' मोहनदास का उदय हुआ। मोहनदास बैरिस्टर बनकर 12 जून सन् 1891 में 'आसाम' जहाज से, भारत के लिए रवाना हुए। अब मोहनदास लौटे तो 22 वर्ष के थे और फिरोजशाह मेहता या बदरूद्दीन तैय्यब जी जैसे कड़क वकील बनना चाहते थे। परन्तु मि. फ्रेडरिक पिंकट ने कुछ व्यवहारिक ज्ञान लेने के लिये और मेलेसन की पुस्तक ' सन् 1857 के गदर की' किताब पढ़ने की सलाह दी। भारत लौटने पर पहला मुकदमा 'ममीबाई' का मिला। मुकदमें लड़ने की हिम्मत न आने व जज के सामने घबराकर मुकदमा छोडकर मेहनताना के 30 रूपये लौटाने वाले मोहनदास देश से अंग्रेजों को भगाने का सबसे बड़ा मुकदमा (आन्दोलन) लड़ेंगे, यह किसी को आभास नही था। मोहनदास पोरबन्दर की एक मेमन फर्म का दक्षिण अफ्रीका के चालीस हजार पौण्ड के दावे का मुकदमा लडने वाले वकील-बैरिस्टर के मदद के लिये दादा अब्दुल्ला के साझी सेठ अब्दुल करीम के प्रस्ताव पर द. अफ्रीका जाने के लिये राजी हुये। यह एक प्रकार की नौकरी थी, बदले में निवास तथा भोजन खर्च के अलावा 105 पौण्ड मिलना था। मोहनदास अप्रैल सन् 1893 में जब द. अफ्रीका गये तो 24 वर्ष के थे, जब लौटे तो 46 वर्ष के थे। 22 वर्ष द. अफ्रीका प्रवास रंगभेद के कड़वे अनुभवों से शुरू हुआ था जो बहुत कुछ भारत में प्रचलित छुआछूत जैसा ही था। नेटाल की राजधानी मेरित्सबर्ग में रेल के प्रथम श्रेणी का टिकट होने के बावजूद भी गोरे-काले के भेद के आधार पर ट्रेन से उतार देने की घटना मोहनदास को अपने अधिकारों के लिये लड़ने की सबसे बड़ी प्रेरक घटना बनी। सन् 1893 के बाद बीच में गांधी जी सन् 1896, सन् 1901 में भारत लौटे थे। भेंट में मिली वस्तुओं व कीमती गहनों को कस्तूरबा से लेकर ट्रस्टियों के हवाले कर बैंक में रखने की घटना एक उल्लेखनीय घटना है। इन्होंने इसे इस धारणा से लौटा दिया था कि कौम की सेवा मैं पैसे लेकर नहीं करता। अपने राजनीतिक गुरू गोपाल कृष्ण गोखले के हस्तक्षेप से कलकत्ता के कांग्रेस अधिवेशन में प्रवेश पाने वाले गांधी आने वाले दिनों में देश के पर्याय बनने वाले हैं, इसका किसी को रंचमात्र भी यकीन नहीं था। गाय-भैंस का दूध त्याग कर केवल बकरी का दूध पीने वाले गांधी, मिट्टी के प्रयोग से पेट का कब्ज दूर करने वाले गांधी, सुबह का ब्रेकफास्ट न करने वाले गांधी, ज्ञान के लिये अनेकोनेक पुस्तकों का अध्ययन करने वाले गांधी अब मोहनदास से बदलकर मि0 गांधी हो चुके थे, वे पहचाने जाने लगे थे। देखने वालों की भीड जमा होनी शुरू हो चुकी थी। द. अफ्रीका अब आन्दोलन की नर्सरी बन चुका था। नये नये प्रयोग गांधीजी शुरू कर चुके थे। गांधी जी का कहना था कि सत्य की शोध के मूल में अहिंसा है। जब तक अहिंसा हाथ में नहीं आती, तब तक सत्य मिल ही नहीं सकता।

'यंग इंडिया', 'नवजीवन' व इण्डियन ओपिनियन जैसे समाचार पत्रों से अपने मौलिक विचार रखकर 'सत्याग्रह' की लड़ाई प्रारम्भ करने वाले गांधी जी कलम की शक्ति व इसके निरंकुशता को भलीभांति जानते थे। रस्किन बाण्ड की पुस्तक 'अण्टू दिस लास्ट' ने ऐसा प्रभाव डाला कि यह 'सर्वोदय' के जन्म का कारण बन गया। गांधीजी सर्वोदय के सिद्धान्त में निम्न को निहित मानते थे-

1. सबकी भलाई में हमारी भलाई निहित है।
2. वकील और नाई के काम की कीमत एक सी होनी चाहिये, क्योंकि आजीविका का अधिकार सबको समान है।
3. सादा मेहनत-मजदूरी का, किसान का जीवन ही सच्चा जीवन है।

> सर्वसुलभ, प्राकृतिक समुद्री जल से बने 'नमक' को जो सभी घरों में विद्यमान है, भी एक आन्दोलन का प्रतीक बन सकता है, यह गांधी ही कर सकते थे। एक मुठ्ठी नमक उठा कर नमक कानून तोड़ने की यह घटना सभी भारतीयों को एकसूत्र में बांधने वाली घटना थी। क्या कोई देश बिना रक्त क्रांति के देश में स्वतंत्रता या तानाशाह से मुक्ति पा सकता है? इस यक्ष प्रश्न का हल महात्मा गांधी बन कर उभरे।

भारतीय इतिहास में तीन महत्वपूर्ण वर्ष है, सन् 1757, सन् 1857 एवं सन् 1947। अंग्रेजो ने सन् 1757 से सन् 1947 तक कुल 190 वर्षों तक हिन्दुस्तान पर शासन किये। इन 190 वर्षों में से 158 वर्ष ऐसे समय में राज्य किया था, जब गांधी एक आन्दोलन बन नहीं उभरे थे। जब गोखले के निमंत्रण पर गांधीजी सन् 1915 में हिन्दुस्तान पहुंचे तो यह एक बड़ी और उल्लेखनीय घटना थी। उल्लेखनीय इसलिये कि स्वतंत्रता के लिये नरम-गरम दल अपने-अपने ढंग से लड़ाई लड़ रहे थे, कई क्रान्तिकारी फांसी पर झूल गये थे, तो कई जगह करों को न देने के लिये विद्रोह हो रहा था, पर पूरे देश में स्वतंत्रता के लिये एकल नेतृत्व या अखिल भारतीय नेतृत्व किसी एक नेता को प्राप्त नहीं था। गांधी के आगमन से एक आन्दोलन के लिए एक पृष्ठ भूमि का आधार तैयार होना शुरू हुआ। क्रान्तिकारी विचार के देशभक्तों ने भी गांधीजी के व्यक्तित्व के सामने अपनी स्वीकारोक्ति दी। सन् 1915 से लेकर भारत छोड़ो आन्दोलन सन् 1942 तक 27 वर्षों के आन्दोलन अवधि में गांधी कई रूपों में अवतरित हुए। भारतीयों के मन को टटोलना, आन्दोलन की गति को देखना, आन्दोलन के लिये उचित समय का इंतजार करना, आन्दोलन के लिये ऊर्जा बनाये रखना, आन्दोलन के लिये ऊर्जा की पहचान करना आदि कई ऐसे विशिष्ट गुण थे, जो गांधी जी को अन्य से अद्वितीय बनाते है। आन्दोलन के इस पारखी प्राणी ने पूरे देश को एक कर दिया था। दक्षिण भारत से लेकर उत्तर भारत तक अब एक भारत, एक आवाज, एक आन्दोलन बन गया था। चम्पारन सत्याग्रह, खेडा आन्दोलन, असहयोग आन्दोलन, सविनय अवज्ञा के लिये दाण्डी मार्च, भारत छोड़ो आन्दोलन गांधी जी द्वारा विभिन्न समय काल परिस्थिति में चलाये गये ऐसे आन्दोलन थे, जिसने स्वतंत्रता के लिये मार्ग प्रशस्त किये। सर्वसुलभ, प्राकृतिक समुद्री जल से बने 'नमक' को जो सभी घरों में विद्यमान है, भी एक आन्दोलन का प्रतीक बन सकता है, यह गांधी ही कर सकते थे। एक मुठ्ठी नमक उठा कर नमक कानून तोड़ने की यह घटना सभी भारतीयों को एकसूत्र में बांधने वाली घटना थी। क्या कोई देश बिना रक्त क्रांति के देश में स्वतंत्रता या तानाशाह से मुक्ति पा सकता है? इस यक्ष प्रश्न का हल महात्मा गांधी बन कर उभरे। पूरा विश्व एक नया पाठ पढ़ रहा था कि 'सत्याग्रह' के बल पर अपनी बात मनवाई जा सकती है, शान्तिपूर्वक उपवास रखकर आन्दोलन करने से अपने हक की लड़ाई लड़ी जा सकती है, यह एक क्रान्तिकारी विचार था। क्रांतिकारी इसलिये कि सुविधाहीन कई देशों में 20वीं सदी के प्रारम्भ में स्वतंत्रता की बात वो भी, बिना रक्तपात के सोचना एक आश्चर्य से कम नहीं था। कई देशों में नये चमकने वाले सूर्य की रोशनी का केन्द्र महात्मा गांधी बने। चरखा, खादी, बकरी, गांव, हरिजन, किसान, उपवास, सर्वोदय, अहिंसा, सत्याग्रह आदि शब्दों में पिरोये हुए महात्मा गांधी ने गरिमापूर्ण जीवन जीने एवं दूसरे की गरिमा का सम्मान करने के लिये एक प्रकार का 'कोड ऑफ कन्डॅक्ट' रचा है। आज भारत विश्व में जो कुछ नामों से जाना जाता है, उसमें महात्मा गांधी एक प्रमुख नाम है। मेरे विचार से गौतम बुद्ध के बाद यदि किसी एक भारतीय व्यक्ति को सारा विश्व जानता है, तो वह महात्मा गांधी है। अपने युग से कई युग आगे तक।

**( लेखक, विशेष कार्याधिकारी यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण )**

## जयंती

### महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री

सहजता,सरलता और ईमानदारी के पर्याय लाल बहादुर शास्त्री कोटिश: नमन। 2 अक्टूबर को दो महान नेताओं का जन्म हुआ- एक महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री।

आज की भारतीय राजनीति में यह अविश्वसनीय ही लगेगा इस देश में ऐसे ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और देश के प्रति अपना सर्वस्व त्यागने वाले लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी जीत की पूर्ण संभावना के बाद भी यह कहा हो कि- यदि एक व्यक्ति भी मेरे विरोध में हुआ, तो उस स्थिति में प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहूंगा', भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ऐसे ही स्वाभिमानी महान राजनेता थे, जिन्होंने पद को नहीं बल्कि देश के हित को सर्वोपरि माना था। 27 मई 1964 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की मृत्यु के बाद देश को साहस और निर्भीकता से नेतृत्व देने वाले नेता की परम आवश्यकता थी। मोरारजी देसाई तथा जगजीवन राम जैसे नेता सामने आए थे, इस पद की गरिमा और प्रजातांत्रिक मूल्यों को देखते हुए शास्त्री जी ने चुनाव में भाग लेने से इनकार कर दिया था। 2 जून 1964 को कांग्रेस के संसदीय दल ने एक मतेन और सर्वसम्मति से लाल बहादुर शास्त्री को अपना नेता स्वीकार किया और 9 जून 1964 को लाल बहादुर शास्त्री जी को देश के दूसरे प्रधानमंत्री मनोनीत किए गए। 1920 को अपनी पढ़ाई छोड़ कर गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भाग लेने के लिए वे स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े, बाद में गांधी जी की प्रेरणा से ही उन्होंने काशी विद्या पीठ में प्रवेश लेकर 1925 में शास्त्री की उपाधि प्राप्त की, और अपने जन्म से चला आ रहा जातिसूचक शब्द 'श्रीवास्तव' हमेशा के लिए हटा लिया तथा अपने नाम के आगे शास्त्री लगा दिया था।

1930 में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए चलाए जा रहे नमक आंदोलन में हिस्सा लेकर वे जेल चले गए। उनका देश के प्रति समर्पण देखकर उन्हें उत्तर प्रदेश कांग्रेस का महासचिव बनाया गया। स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए देश के इस महान सपूत को बहुत यातनाएं भी झेलनी पड़ी और जीवन काल में कई बार जेल भी गए। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने के कारण उन्हें फिर से जेल भेज दिया गया था। पद और प्रतिष्ठा, लोभ, लालच से सदैव दूर रहने वाले लाल बहादुर शास्त्री जी स्वतंत्रता के बाद अनेक मंत्रालयों के मंत्री पद से सुशोभित भी किया गया, गोविंद वल्लभ पंत के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कालखंड में शास्त्री जी को पुलिस मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया और इसी पद में रहते हुए उन्होंने भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारंभ करवाया था। 1952 में जवाहरलाल नेहरु जी ने उन्हें केंद्रीय रेल मंत्री नियुक्त किया और 1956 में देश में हुई एक बड़ी रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी लेते हुए नैतिक आधार पर अपना त्यागपत्र पेश कर एक मिसाल कायम की, जो आज पर्यंत तक अनुकरणीय है। नेहरू जी के कार्यकाल में वे परिवहन संचार वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भी संभालते रहे। 1961 में उन्हें पंत जी की मृत्यु के बाद गृह मंत्रालय का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। सभी महत्वपूर्ण पदों पर ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा के साथ सभी पदों को सफलतापूर्वक निभाने के कारण शास्त्री जी को 1964 में देश का दूसरा प्रधानमंत्री बनाया गया।

शास्त्री जी कठिन से कठिन परिस्थितियों में सहजता, निर्भीकता, और संपूर्ण धैर्य के साथ सामना करने की अद्भुत क्षमता थी । प्रधानमंत्री के पद में रहते हुए भी सादगी ईमानदारी और निष्ठा की एक अनोखी मिसाल उन्होंने कायम की थी। 1965 में पाकिस्तान ने भारत के साथ युद्ध करने का दुस्साहस दिखाया था तब लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा देकर भारत के वीर जवानों को राष्ट्र की रक्षा के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित किया था, दूसरी तरफ किसानों को अन्न ज्यादा से ज्यादा पैदा करने के लिए ऊर्जा एवं शक्ति प्रदान की थी। 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत को अभूतपूर्व विजय प्राप्त हुई थी। और देश में अन्न का भंडार भी परिपूर्ण हो गया था।

**संजीव ठाकुर**

## भूल सुधार

1 अक्टूबर 2023 के अंक में साहित्य पेज पर प्रकाशित कहानी 'जीवन से विदा लेती ध्वनि' में भूलवश लेखक का नाम रमेश शर्मा के स्थान पर उमाकांत मालवीय प्रकाशित हो गया है। इसलिए लेखक के नाम को उमाकांत मालवीय के स्थान पर रमेश शर्मा पढ़ा जाए।

## आपके पत्र

### संसद में बिधूड़ी का नफरत भरा भाषण भाजपा सदस्यों की मानसिकता का प्रतिबिंब

मुसलमानों के खिलाफ घृणास्पद भाषण, जो समाज में व्याप्त हो गया है, अब संसद पर भी प्रवेश कर चुका है। नये संसद भवन में आयोजित विशेष सत्र के आखिरी दिन, दिल्ली से भाजपा संसद सदस्य रमेश बिधूड़ी ने दानिश अली, जो कि बहुजन समाज पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं, के खिलाफ लोक सभा में बेहद गंदे और भद्दे मुस्लिम विरोधी विशेषणों का इस्तेमाल किया। बिधूड़ी द्वारा बार-बार दानिश अली को निशाना बनाते हुए 'मुल्ला आतंकवादी' और इससे बदतर शब्द कहे गये जो संसद में पहले कभी नहीं सुने गये थे। ऐसी आपत्तिजनक बातें कहते हुए बिधूड़ी के वीडियो को देश भर में हजारों लोगों ने देखा, जिससे व्यापक निराशा और आक्रोश फैल गया है।

सबको उम्मीद यही थी कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और सत्तारूढ़ भाजपा नेतृत्व आपत्तिजनक बातें कहने वाले सदस्य के खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई करेंगे। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष की भावनाओं को ठेस पहुंचने पर खेद व्यक्त किया। इसके अलावा, मुस्लिम विरोधी दुर्व्यवहार की कोई निंदा नहीं की गई और न ही दानिश अली से कोई माफ़ी मांगी गई।

लोक सभा अध्यक्ष, जिन्हें बिधूड़ी को सदन से निलंबित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए थी, उन्होंने खुद को बिधूड़ी को कड़ी चेतावनी देने और यह कहने तक ही सीमित रखा कि इस तरह के व्यवहार की पुनरावृत्ति बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

यह उस तरीके के बिल्कुल विपरीत है जिस तरह से लोकसभा और राज्यसभा दोनों के पीठासीन अधिकारियों ने विपक्षी सदस्यों के साथ व्यवहार किया है जब भी उन्होंने लगातार मुद्दों को उठाने या सरकार से सवाल करने की कोशिश की है। राज्यसभा में आप सांसद संजय सिंह पूरे मानसून सत्र के लिए निलंबित रहे और निलंबन तब तक जारी रहेगा जब तक विशेषाधिकार समिति उनके खिलाफ शिकायत पर फैसला नहीं कर लेती।

पिछले सत्र के दौरान आप के एक अन्य सांसद राघव चड्ढा को भी निलंबित कर दिया गया था। लोकसभा में, आपसदस्य सुशील कुमार राठी को मानसून सत्र के शेष भाग के लिए निलंबित कर दिया गया, जबकि लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को विशेषाधिकार समिति की बैठक होने और उनकी सिफारिश करने तक निलंबित कर दिया गया।

बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाले दानिश अली के पत्र का स्पीकर ने कोई जवाब नहीं दिया है। भाजपा ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय, भाजपा को उनका बचाव करने की अधिक चिंता है। निशिकांत दुबे जैसे भाजपा सांसदों ने स्पीकर को पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि यह दानिश अली ही थे जिन्होंने प्रधानमंत्री के खिलाफ 'अशोभनीय' टिप्पणी करके बिधूड़ी को उकसाया था। बिधूड़ी के खिलाफ संसद में सख्त कार्रवाई करने में विफलता ने संसदीय संस्था को अपमानित किया है और सत्तारूढ़ दल द्वारा पोषित इस्लामोफोबिया की वैधता की मुहर लगा दी है। इससे पता चलता है कि बिधूड़ी का नफरत भरा भाषण भाजपा की समग्र मानसिकता का हिस्सा है।

**पी.सुधीर**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### वर्षा का दौर थमते ही श्रमदान दल ने शुरू की बेतवा नदी की सफाई

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** श्रमदान दल द्वारा बारिश का दौर थमते ही रविवार को बेतवा नदी स्थित रिपटा घाट पर श्रमदान किया। श्रमदान दल द्वारा गांधी जंयती के अवसर पर एक एवं दो अक्टूबर को दो दिवसीय विशेष श्रमदान का आयोजन रिपटा घाट पर निर्धारित किया है। श्रमदान अभियान 3.0 के पहले चरण में दल द्वारा ढाई घंटे तक श्रमदान किया गया। नदी किनारे घाट एरिया से एक ट्राली से अधिक कचरा दो अलग अलग स्थानों पर एकत्रित किया गया। मालूम होकि विगत दो वर्षों से नगर के कुछ युवाओं की टोली निरंतर बेतवा नदी जल स्वच्छता एवं संरक्षण के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण व संवर्द्धन के लिए कार्य कर रही हैं। रविवार को श्रमदान अभियान के पहले दिन कोमल कुशवाह,नीरज साहू, एवन सिंह विश्वकर्मा, नितिन अग्रवाल, आकाश जैन, रुद्रांश सिंह, दीपेश शर्मा, लोकेश सक्सेना, शरद गौर, ऋ्रषु दांगी, सतीश दुबे उपस्थित रहे।

### किसान संघ की बैठक हुई



**सिरोंज, देशबन्धु।** भारतीय किसान संघ की जिला बैठक महामाई मंदिर में संपन्न हुई। इस बैठक में सदस्यता अभियान सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें विदिशा जिले के 11 तहसीलों के के पदाधिकारी एवं जिले के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्रमुख रूप से भारतीय किसान संघ संवाद अध्यक्ष कैलाश सिंह ठाकुर, दिनेश शर्मा, राजकुमार बघेल, अशोक शर्मा, वीरेंद्र पालीवाल एवं विदिशा जिले के अध्यक्ष नारायण सिंह रघुवंशी, जिला मंत्री प्रशांत जैन एवं जिला उपाध्यक्ष विशन सिंह बघेल सहित तहसीलों के अध्यक्ष, मंत्री, संभाग और अन्य किसान सिरोंज तहसील अध्यक्ष अमृत सिंह, तहसील मंत्री सुनील बघेल आदि की उपस्थित रहे।

### घर में घुसकर मारपीट

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** बीती रात राजेंद्र नगर में डिढ़ोलीमंदिर मार्ग क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पाद मचाया हाथों में तलवारें और लोहे की राडे लेकर क्षेत्र में आतंक फैलाया घरों के दरवाजों पर लोहे की राडो से तोड़फोड़ की। इस दौरान भगत सिंह के घर का दरवाजा टूट गया असामाजिक तत्वों ने घर में घुसकर मारपीट की जिससे उनकी बेटी का हाथ तलवार से जख्मी हो गया उसके हाथ में सात टांक आए हैं । घटना की रिपोर्ट देहात पुलिस थाने में दर्ज करने पर पुलिस ने आदतन अपराधी नीरज, नितेश, गोटू , रवि शंकर के खिलाफ धारा 452,294,324,427, 506,34 ,आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है। पीड़ित भगवत सिंह ने बताया कि असामाजिक तत्वों ने मोहल्ले में और भी कई लोगों के घरों के दरवाजों पर लोहे की रेड मार कर आतंक फैलाया था।

सेवा पखवाड़े में काशी घाट मैदान पर चलाया स्वच्छता अभियान

# विधायक के साथ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने की सफाई

**सिरोंज, देशबन्धु।** हाथ में हंसिया लेकर विधायक उमाकांत शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता काशी घाट के मैदान में ऐसे जूटे की दोपहर होते होते पूरे मैदान साफ हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी संगठन सेवा पखवाड़े के रूप में मना रहा है। इसी श्रृंखला में रविवार को विधायक उमाकान्त शर्मा ने नगर मंडल के पदाधिकारियों के साथ अपने मतदान केंद्र के अंतर्गत स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। लगभग दो घंटे तक दर्जनों कार्यकर्ताओं ने काजीघाट के मैदान में पनप रही गाजर घास को साफ किया। इसके साथ ही विधायक शर्मा ने नदी में पनप रही जलकुम्भी को स्वयं हटाने के साथ उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को भी प्रेरित किया। विधायक शर्मा काशीघाट से सटे वार्ड 17,18,19,20 के रहवासियों से भी यहांसमय समय पर स्वच्छता अभियान करते



रहने का अनुरोध किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष पारस तारण, नितिन मित्तल, भाजपा नेता रमेश यादव,हरिबाबू भार्गव,राजेन्द्र गर्ग,नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ,सचिन शर्मा,टीकाराम शाक्य,संजू सोनी,विष्णु गर्ग,सहित भाजपा संगठन से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**भाजपा पार्षदों ने लगाई झाड़ू:** सफाई कामगारों की हड़ताल होने से अनेक दिनों से नगर में सफाई का अभाव था लोग यहां वहां कचरा डालने को मजबूर थे ऐसे में भाजपा नेताओं ने नपा अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ रविवार सुबह से ही खुद शहर की सफाई की बागडौर संभालने का निर्णय लिया। और सुबह सभी सामूहिक रूप से नवीन बसस्टेंड क्षेत्र में एकत्रित होकर झाड़ू,पंजर,गेंती,फावड़े,डलिया लेकर स्वच्छता अभियान में जुट गए। सबसे पहले सभी ने नवीन बस स्टैंड पर झाडू लगाकर यहां वहा फैले कचरे के ढेरों को एकत्रित कर मैजिक वाहनों में भरा। इसके उपरांत यह टीम सफाई करते हुए पुराने बस स्टैन्ड क्षेत्र में पहुंची यहां भी जनसहयोग से सभी के थोड़ी देर में दोनों स्थानों को चकाचक कर दिया। इस दौरान पार्षद सचिन शर्मा कचरा संग्रहण करने वाले मैजिक वाहन को स्वयं चलाते हुए मुख्य बाजार से भी कचरा एकित्रत किया।

## वार्डों में सफाई कर किया श्रमदान



**भेरुन्दा/ नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक पूरे देश मे स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में 1 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 1 से वार्ड क्रमांक 15 तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक एक सुभाष कॉलोनी में वार्ड पार्षद सरोज कैलाश धावरे द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 2 तलाई मोहल्ला में पार्षद नितेश पैठारी द्वारा सफाई की गई। वार्ड क्रमांक 3 पार्षद रितु महेंद्र परिहार द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड क्रमांक 4 पार्षद ओमप्रकाश पवार द्वारा वार्ड वासियों एवं नगर परिषद अध्यक्ष के साथ वार्ड की सफाई की गई। वार्ड क्रमांक 5 में पार्षद अनुपम गौड द्वारा सफाई की गई। वार्ड क्रमांक 6 मुस्लिम मोहल्ला पार्षद शबाना अंजुम शमीम खान द्वारा वार्ड में सफाई की गई। वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद नीता मुकेश अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 8 पार्षद अशफाक मंसूरी, वार्ड 9 स्वयं नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, वार्ड 10 पार्षद मेहरबान सिंह सराठे सहित सभी वार्डों में सफाई की गई।

## पाराशरी श्मशान घाट में आज चलेगा स्वच्छता अभियान

### अब नियमित होगी नगर की सफाई, कामगारों की हड़ताल खत्म

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** प्रदेश स्तर पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चल रही सफाई कामगारों की हड़ताल सातवें दिन खत्म हो गई। शाम के समय सभी ने शीतला माता मंदिर पहुंचकर प्रसाद चढ़ाया और सांकेतिक रूप से मंदिर से पाराशरी पुल तक साफ सफाई की। अब सोमवार से नगर की नियमित साफ सफाई व्यवस्था चालू हो जाएगी। इससे पूर्व नपा में सांसद प्रतिनिधि



देवेंद्र यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, नपा सीएमओ पवन शर्मा ने सफाई कर्मियों को पुष्प भेंटकर काम पर लौटने के लिए साधुवाद दिया। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, पूर्व विधायक हरि सिंह रघुवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादोन, वरिष्ठ भाजपा नेत्री रीता भावसार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल, नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, नपा सीएमओ पवन शर्मा, आर के नेमा सहित पार्षद एवं गणमान्य नागरिकों ने स्टेशन हनुमान मंदिर से नेहरू चौक तक झाड़ू लगाकर सफाई की। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत अब 2 अक्टूबर प्रातः 8:30 बजे सभी लोगों के द्वारा पाराशरी स्थित मुक्तिधाम की साफ सफाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया श्रमदान



**रायसेन, देशबन्धु।** स्वच्छता ही सेवा–2023 अभियान के तहत रविवार को कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन तथा परिसर में श्रमदान कर साफ–सफाई करते हुए नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। कलेक्टर दुबे के साथ ही जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह सहित अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा कार्यालय भवन तथा परिसर में झाड़ू लगाकर तथा साफ–सफाई कर श्रमदान किया गया।

## कांग्रेस की जनाक्रोश यात्राः पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही जनाक्रोश यात्रा का रविवार को नगर आगमन हुआ। दोपहर बाद शहर में पहुंची इस जनाक्रोश यात्रा का कांग्रेस नेताओं द्वारा जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। सभी नेताओं ने इस जनाक्रोश यात्रा में अपना शक्ति प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन, मयंक तेनगुरिया और पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रहलाद रघुवंशी प्रदेश कांग्रेस महासचिव विकास शर्मा के नेतृत्व में जनाक्रोश यात्रा का स्वागत किया गया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव ने केन्द्र सरकार, राज्य सरकार दोनों को आड़े हाथे लिया और भाजपा के सभी दिग्गज नेताओं पर तंज भी कसे। उन्होंने कहा कि समूचे मध्यप्रदेश में कांग्रेस की जनाक्रोश



यात्रा निकल रही है। जिसका सकारात्मक समर्थन कांग्रेस पार्टी को मिल रहा है। भाजपा ने प्रदेश को एक नई पहचान दी है। अब मध्यप्रदेश घोटालों के नाम से जाना जाता है। पटवारी भर्ती में चयनित टॉपरों से 25 लाख रूपये तक लिये गये। इसके अलावा व्यापम घोटाला , पुलिसभर्ती में घोटाला, कृषि विस्तार अधिकारी मध्यप्रदेश पूर्ण रूप से घोटालों का राज्य बन चुका है।

## सेवानिवृत्त पर दी प्राचार्य को विदाई, समारोह में भावुक हुए शिक्षक और छात्र-छात्राएं

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय के प्राचार्य ज्ञान प्रकाश भार्गव को सेवानिवृत्त पर समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में शिक्षक और छात्र–छात्राएं भी भावुक हो गए। यहां तक की बच्चे प्राचार्य को छोड़ने तैयार ही नहीं थे। प्राचार्य ज्ञान प्रकाश भार्गव का कार्यकाल उत्कृष्ठ रहा है। उनके पदस्थ होने से पहले विद्यालय की छवि ऐसी नही थी। उन्होंने यहां कई नवाचार किए। उनके कार्यकाल में एक भी सत्र ऐसा नहीं निकला जब बच्चे राज्य स्तरीय पुरस्कार लेकर न आए हो। प्राचार्य ज्ञान प्रकाश भार्गव को विभिन्न कर्मचारी एवं शिक्षक संघों के द्वारा राष्ट्रपति पुरस्कार की मांग उठती रही है। कर्मचारी नेता सैयद शफाकत हुसैनबताते है प्राचार्य भार्गव के



कार्यकाल में एक तरफ नगर के बच्चों में पढ़ने की ललक बढ़ी दूसरी ओर अशासकीय शालाओं का मिथक भी टूट गया कि शासकीय शालाओं में पढ़ाई नही होती। हम सभी ने बहुत चाहा कि प्राचार्य भार्गव को राष्ट्रपति पुरस्कार मिले लेकिन इस पुरस्कार की प्रक्रिया में स्वयं आवेदन पत्र भरना होता है और वह अपने लिए कोई शासकीय पुरस्कार नहीं चाहते। प्राचार्य ज्ञान प्रकाश भार्गव के सेवानिवृत्त पर बच्चे और स्टाफ इतना भाव विहल हुआ कि पूरा स्टाफ और संस्था के 18 सौ बच्चे रैली डीजे के साथ अपने प्राचार्य को लेकर उनके घर तक गये। इस दौरान जगह–जगह उनका पुष्प मालाओं से स्वागत हुआ। प्राचार्य ज्ञान प्रकाश भार्गव का सेवानिवृत्त समारोह ऐतिहासिक रहा। इस समारोह में संस्थान में अब तक रहे सभी प्राचार्य उपस्थित रहे। वही विकासखंड के समस्त हाईस्कूल, हायर सेकंडरी के प्राचार्य, कर्मचारी शिक्षक अध्यापक नेता भी शामिल हुए।

## पुरानी तहसील परिसर में बनेगा आधुनिक शॉपिंग कॉम्पलेक्स

▸ विधायक उमाकांत के प्रयासों से पुनर्घनत्वीकरण योजना में प्रस्ताव को मिली स्वीकृति

**सिरोंज, देशबन्धु।** विधायक उमाकान्त शर्मा द्वारा नगर की तस्वीर बदलने के लिए विगत समय से किए जा रहे प्रयास रंग लाते दिख रहे है। सिरोंज को आधुनिक रूप देने के साथ रोजगारयुक्त करने की कोशिश साकार होने जा रही है। इसी श्रृंखला में पुनर्घनत्वीकरण योजना से पुरानी तहसील परिसर को व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए शासन स्तर पर स्वीकृति मिल गई है। अब यह तय हो गया है कि आने वाले दिनों में योजना को साकार रूप देने की दिशा में कार्य प्रारम्भ हो जाएगा।

इस योजना के साकार रूप लेने से पुरानी तहसील परिसर का जीर्ण शीर्ण एरिया एक नए आधुनिक रूप में आने वाले समय में आकार ले सकेगा तथा नए रोजगार उपलब्ध होने के साथ पोस्ट ऑफिस से कोर्ट गेट तक की सड़क चौड़ी हो जाने से शहर के मुख्य बाजार में दो एवं चार पहिया वाहन पार्किंग की समस्या का समाधान



तो होगा ही साथ में पथ विक्रेता, हाथ ठेला पर व्यवसाय करने वाले गरीब लोगों को स्थाई रूप से स्थान मिल सकेगा और आए दिन मुख्य बाजार में लगने वाले जाम की समस्या का भी समाधान हो जाएगा। शासन की प्रायवेट पार्टनरशिप योजना के अंतर्गत इस योजना से मिलने वाली राशि से शहर के अनेक चौक चौराहों को नए एवं आधुनिक रूप में आकर देने के साथ शासकीय विभागों के कार्यालय,आडोटोरियम, खेल स्टेडियम तथा पंचकुइयां पर त्रिपुर सुंदरी घाट व कैथन नदी के सौंदर्यीकरण नवनिर्माण की योजना भी इस प्रोजेक्ट में शामिल है।

उल्लेखनीय है की पहले जब पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे तब सन 2012– 13 में उन्होंने पुरानी तहसील परिसर को इसी स्वरूप में बनाने की कल्पना की थी और संबंधित अनेकों विभागों के साथ समन्वय बनाकर विकास की योजना बनाने की दिशा में निर्देश भी प्रदान किए थे परंतु 2013 के चुनाव में उनके चुनाव हार जाने से यह योजना पिछड़ गई और कांग्रेस के विधायक गोवर्धन उपाध्याय भी अपने कार्यकाल में इस योजना को रत्ती भर भी आंगे नही बढ़ा सकें थे।

विधायक शर्मा एवं एसडीएम हर्षल चौधरी ने इस परिसर क्षेत्र के विस्तार को लेकर दुकानदारों के साथ एक बैठक की थी। 22 सितंबर को नगर पालिका में भी योजना से संदर्भित एक विशेष सम्मेलन बुलाकर परिषद बैठक में भी उक्त प्रस्ताव पास किया गया था। इसके बाद जिला एवं संभाग स्तर की प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बाद अंततः 29 सितंबर को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति की बैठक में इस योजना की स्वीकृति मिल गई। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,विधायक प्रतिनिधि रमेश यादव,मंडल अध्यक्ष पारस तारण, नितिन मित्तल, पूर्व नपाध्यक्ष संतोष चौरे, राजेन्द्र गर्ग, जनपद अध्यक्ष पुष्पा हमीर सिंह यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ पीके विश्वास आदि शामिल है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई ने स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया

**सिरोंज, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सेवा योजना केडीबीएम महाविद्यालय इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से केडीबीएम परिसर में और छतरी नाका गांधी की प्रतिमा के पास श्रमदान किया और प्रतिमा परिसर को स्वच्छ करके माल्यापर्ण किया और जन जागरूकता का सन्देश दिया। केडीबीएम डायरेक्टर श्वेता आनन्द त्यागी ने बताया सफाई एक अच्छी आदत है, स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिये हर एक को यह आदत बनानी चाहिये। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है। इसी के मद्देनजर देश में स्वच्छता की महती आवश्यकता को देखते हुए हमारे प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान शुरु किया। हमें ये समझना चाहिये कि ये केवल हमारे प्रधानमंत्री का कार्य नहीं है, बल्कि समाज में रहने वाले हर इंसान की जिम्मेदारी है।

## शाकाहार दिवस पर कायस्थ समाज ने चलाया मांसाहार मुक्त महाअभियान

**रायसेन, देशबन्धु।** कायस्थ समाज से मांसाहार को खत्म करने के लिए हर साल विश्व शाकाहार दिवस से भोपाल सहित अन्य जिलों में चित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मांसहार के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभी तक हजारों की संख्या मे कायस्थ बंधु मांसाहार मुक्त अभियान से जुड़ चुके है। इसी कडी मे रविवार शाकाहार दिवस पर मण्डीदीप वार्ड 24 में अभियान समर्थक सुनीता सुधीर खरे के घर पर मांसाहार त्यागों सम्मान पाओ कार्यक्रम रखा गया। इस सम्मान कार्यक्रम में खरे परिवार के सभी सदस्य सहित स्थानीय लोग भी शामिल हुए हैं। समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने मांसहार मुक्त महा अभियान मे शामिल हुये लोगों को पीले गमछे पहनकर सम्मान मे प्रशस्ति पत्र के साथ भगवान श्री चित्रगुप्त की तस्वीर भेंट की। इस अवसर पर खरे परिवार के सभी सदस्यों ने सदा शाकाहारी बने रहने का



संकल्प भी लिया है। समिति के गिरीश श्रीवास्तव ने बताया कि यह परिवार विगत लम्बे मांसाहार मुक्त अभियान का समर्थन कर रहा है। इसी उपलक्ष्य में इस परिवार का सम्मान किया गया है। कायस्थ बंधु का यही है नारा मांसाहार मुक्त हो समाज हमारा। इसी उददेश्य को लेकर कायस्थ बंधु समिति आगे भी चित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रम करती रहेगी।

## फैक्ट्री में आग, 10 लाख का नुकसान

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के नूराबाद थाना अंतर्गत जरेरुआ स्थित विनायक बायो इंडस्ट्रीज में मरम्मत का कार्य करते समय शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिसे समय रहते बुझा लिया गया, परंतु इस दौरान लगभग 10 लाख रुपए का नुकसान होना बताया गया है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई और फैल रही आग को नियंत्रण में किया। उक्त आगजनी की घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जरेरुआ स्थित विनायक बायो इंडस्ट्रीज में रविवार की सुबह प्लांट बंद था और कुछ कर्मचारी मरम्मत का कार्य कर रहे थे, तभी अचानक वहां रखे टायर जलने लगे और प्लांट में आग फैलने लगी। सूचना पाकर तत्काल फायर ब्रिगेड को बुलाया गया एवं पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तथा थोड़ी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। फैक्ट्री प्रबंधक राजीव जैन ने बताया कि रविवार की सुबह प्लांट बंद था और कोई कर्मचारी काम नहीं कर रहा था। केवल मरम्मत कार्य के दौरान वेल्डिंग का काम चल रहा था, हो सकता है वेल्डिंग के दौरान निकली चिंगारी से आग लगी हो अथवा शॉर्ट सर्किट से। फिलहाल इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। लगभग 10 लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। इधर नूराबाद थाना पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### दूध बंद करने पर दलित को दबंग युवकों ने किया घायल

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के अंबाह थाना अंतर्गत जालौनी गांव में दूध बंद करने पर एक दलित युवक व उसकी पत्नी को दो दबंग आरोपियों ने मारपीट एवं हसिया मारकर घायल कर दिया। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी जितेंद्र जाटव 40 वर्ष निवासी जालौनी रविवार की सुबह 9 बजे अपने घर पर था और आरोपी सोनू तोमर एवं महेंद्र तोमर दूध लेने आए थे और जितेंद्र ने दूध देने से मना कर दिया, जिस पर आरोपीगणों ने जाति सूचक गालियां देते हुए लात घूसों से उसकी मारपीट कर डाली एवं सिर में हसिया मारकर उसे घायल कर दिया, बचाने आई उसकी पत्नी ज्योति को भी आरोपियों ने धक्का मारकर घायल कर दिया। आरोपीगढ़ जाते–जाते धमकी दे गए कि दूध नहीं दिया तो जान से खत्म कर देंगे।

## मंडलम एवं सेक्टर अध्यक्षों की कांग्रेस सरकार बनाने में होगी महत्वपूर्ण जिम्मेदारीः भारद्वाज

**मुरैना, देशबन्धु।** रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर मंडलम एवं सेक्टर अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मुरैना श्योपुर लोकसभा प्रभारी पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज मौजूद रहे। इस दौरान लोकसभा प्रभारी श्री भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी में मंडलम एवं सेक्टर अध्यक्ष सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। इनकी दम पर ही पार्टी चुनावों में जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में मंडल एवं सेक्टर कमलनाथ की नजर में बेहद महत्वपूर्ण है, चुनावों से पहले और चुनावों में मंडल सेक्टर मोहल्लों, गांव–गांव, शहर–शहर जाकर हर पोलिंग बूथ पर मेहनत करके लड़ाई लड़ते है, उस मेहनत की वजह से ही पार्टी को सत्ता मिलती है। इसी क्रम में बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा ने ब्लॉक अध्यक्षो को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ब्लॉक अध्यक्षगण,



मंडल एवं सेक्टर अध्यक्षगण को जल्द से जल्द सक्रियता के साथ अपने–अपने क्षेत्रों में पूरी निष्ठा और लगन के साथ कांग्रेस के सच्चे सिपाही बनकर कार्य करें, पन्ना प्रभारी बनाएं व अपने अंतर्गत आने वाले अपने वार्ड एवं ब्लॉक एवं मंडल में मजबूती से कार्य करें। श्री शर्मा ने कहा कि कमलनाथ द्वारा मध्य प्रदेश को खुशहाल बनाने के लिए अपने वचन पत्र में शामिल संपूर्ण मध्यप्रदेश में 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 1500 रुपए महिलाओं को प्रतिमाह,100 यूनिट बिल फ्री एवं 200 यूनिट हॉफ, पुरानी पेंशन लागू, जातिगत जनगणना, 12 घंटे किसानों को बिजली, किसानों को मुफ्त बिजली, किसानों की कर्जमाफी, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, किसानों के पुराने बिजली बिल मॉफ एवं 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण आदि की जानकारी घर–घर जाकर बताएं। उक्त बैठक में मध्य प्रदेश किसान अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, मुरैना विधायक राकेश मावई, मुरैना महापौर शारदा सोलंकी, जिला कांग्रेस ग्रामीण संगठन मंत्री सुभाष सिकरवार, शहर कांग्रेस संगठन मंत्री सत्यपाल कुशवाह, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह डंगस, जिला कांग्रेस शहर उपाध्यक्ष विनोद शर्मा हांसई, शहर कांग्रेस प्रवक्ता हरीश पाठक, रविन्द्र मावई, ब्लॉक अध्यक्षगण लोकेन्द्र यादव, विक्रमराज मुदगल, अब्दुल रज्जाक पटेल, कार्यालय मंत्री जिला कांग्रेस रामू टुंडेलकर, आदि सहित मंडलम एवं सेक्टर के अध्यक्षगण व कांग्रेस कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### गायन-वादन में बैतूल की प्रतिभाएं चित्तौड़गढ़ में करेंगी प्रतिनिधित्व

**बैतूल, देशबन्धु।** महावीर इंटरनेशनल अपेक्स जयपुर द्वारा 8 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्तर पर गायन और वादन प्रतियोगिता रखी गई है। संस्था की मीडिया प्रभारी वीरा वंदना पगारिया ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल की पूरी टीम देश के 10 रीजन में डिवाइडेड है। बैतूल केन्द्र रीजन 7 में आता है, जिसमें भोपाल, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, नीमच, नागदा, ग्वालियर और विदिशा केन्द्र भी शामिल है। इस प्रतियोगिता का पहला राउन्ड ऑनलाइन रीजनल लेवल पर हुआ। रीजन में विजयी हुए प्रतिभागियों को दूसरे राउन्ड के लिए चित्तौड़गढ़ जाना हैं। रीज़न 7 के कुल 30 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें एमआई फैमिली गायन में प्रथम वीरा पिंकी पगारिया, द्वितीय वीरा नूतन लुहाडिया, वादन प्रतियोगिता में प्रथम भगत सिंह, द्वितीय रोहित विश्वकर्मा, एमआई फ्रेंड गायन में प्रथम शुभांगी मुलक, द्वितीय शुभम बड़ोदे, पंचम वंशिका वानसे, चतुर्थ हिमांशु ठाकुर, मंजू हजारे पंचम पुनीत शुक्ला विजयी रहे। 8 अक्टूबर को युवा सरगम द्वारा होने वाले फाइनल मुकाबले में भी अपनी विधा का उच्च प्रदर्शन कर बैतूल का नाम रोशन करेंगे।

### चाइल्ड स्पेशलिस्ट क्लिनिक का शुभारंभ



**आमला, देशबन्धु।** नगर में बच्चों के डॉक्टर की बड़ी कमी महसूस की जा रही थी। इस कमी को दूर करते हुए आज डॉ सलीम जौहर चाइल्ड स्पेशलिस्ट के क्लिनिक का शुभारंभ हुआ। डॉ सलीम जौहर जो कि डॉ टी एच जौहर के सुपुत्र है। डॉ सलीम जौहर जो कि प्रसिद्ध चाइल्ड स्पेशलिस्ट के रूप में पूर्व में दुबई में अपनी सेवाएं दे रहे थे तथा कुछ दिनों पूर्व तक वो नागपुर के प्रसिद्ध अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे थे। आज शुभारम्भ के मौके पर लायन्स क्लब आमला सार्थक के अध्यक्ष और प्रगतिशील व्यापारी संघ आमला के अध्यक्ष अनिल सोनी,व्यापारी संघ आमला के मुस्तफा,व्यापारी संघ के पारधे,समाज सेवी मनोज विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### स्टेशन पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने लगाई झाड़ू

**मुलताई, देशबन्धु।** देश की जीवन रेखा कहीं जाने वाली रेल विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर मुलताई स्टेशन को साफ स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए स्वच्छता पखवाड़े के तहत सफाई अभियान चलाया। मुलताई स्टेशन प्रबंधक वीके निरंजन ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर 1 अक्टूबर को स्वच्छता पखवाड़े के तहत समस्त रेलवे के अधिकारी कर्मचारियों ने मिलकर रेलवे स्टेशन परिसर, रेलवे यार्ड, पार्किंग, गार्डन, माल गोदाम आदि जगहों पर साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे स्वछता अभियान को लगातार आगे बढ़ाने के लिए पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें रेल विभाग द्वारा भी अपना संपूर्ण योगदान दिया गया है। इस स्वच्छता अभियान में कमर्शियल सुपरवाइजर विष्णु गलफट, एके दास, जगदीश मीणा, सीताराम मीना, विवेक सिंगोड, राकेश गणवीर, विजय पानकर, रंजिता घोघले, सुजीत मालवीय, शंकर रामा, दीपक बारंगे, संजू माटे, राधेश्याम डंटू, विजय पाठेकर, उमेश कालभोर आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता के लिए दिलाई शपथ, पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में की सफाई



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में स्वच्छता पखवाड़े के तहत पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में नगर पालिका कर्मचारी और वार्ड वासियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया और लोगों को गंदगी न करने, कचरा न फैलाने, स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई। नगर के ताप्ती वार्ड से पार्षद एवं सभापति निर्मला उबनारे, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सौरभ कड़वे, नगर पालिका कर्मचारी गणेश बड़ोदे, वार्डवासी देवेंद्र सूर्यवंशी, संतोष साहु आदि ने वार्ड में झाड़ू लगाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और गंदगी न फैलाने सहित सप्ताह में एक दिन 1 घंटे सहयोग करने की शपथ दिलाई। वही भगत सिंह वार्ड से पार्षद वर्षा गडेकर ने अपने वार्ड वासियों के साथ मिलकर वार्ड में फैली गंदगी को खुद साफ किया और अपने वार्ड को साफ स्वच्छ बनाए रखने के लिए वार्ड वासियों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई थी। गांधी जयंती पर पूरे देश में उनके नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें हम भी हमारी भागीदारी निभाकर अपने वार्ड और नगर को साफ स्वच्छ बनाने का संकल्प ले रहे हैं।

**स्वच्छता पखवाड़े के तहत चलाया सफाई अभियान**

**ताप्ती तट पर स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक:** नगर के ताप्ती तट पर रविवार स्कूली बच्चों ने पहुंच कर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नगर वासियों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया और अपने आसपास गंदगी, कूड़ा करकट, कचरा ना फैलाने के लिए समझाइस दी। स्कूली बच्चों ने अपने हाथों में झाड़ू थाम कर ताप्ती तट के चारों ओर सफाई की और ताप्ती तट को साफ स्वच्छ और निर्मल रखने का संकल्प लोगों को दिलाया। मोनू तपन खंडेलवाल ने बताया कि मुलताई मां ताप्ती की पवित्र नगरी है और ताप्ती तट हमेशा साफ स्वच्छ और निर्मल होना चाहिए, इसी उद्देश्य को लेकर स्कूली बच्चों के साथ उन्होंने ताप्ती तट पर स्वच्छता अभियान चलाया।

## नगर परिषद अध्यक्ष सहित नेताओं ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश




**चिचोली, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गाधी की प्रतिमा पर नगर परिषद अध्यक्ष वर्षा रितेश मालवीय ने माल्यार्पण कर स्वच्छता श्रमदान पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की पहल को सार्थक बनाने के लिए हमें प्रत्येक घर से लगाकर प्रत्येक वार्ड एवं समूचे नगरीय क्षेत्र में स्वच्छता के इस अभियान को सफल बनाना है। इसके बाद नगर के जनपद प्रागण से लगाकर जय स्तंभ चौक पर नगर परिषद अध्यक्ष वर्षा रितेश मालवीय, उपाध्यक्ष वर्षा संजय आवलेकर, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा शंकर राव चढ़ोकार,भाजपा नेता रितेश मालवीय, संजय आवलेकर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, सुलोचना मालवीय, पार्षद, जयप्रकाश पप्पू राठौर, उमेश पेठे, मोटू स्वरुपचंद यादव, पार्षद अनसुईया वानखेड़े, शान्तिवन गोस्वामी, मंडल महामंत्री अमनसिह कुशवाह रिंकू आर्य, बाबू पानकर, पुनीत राठौर, मुकेश मालवीय सहितभाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जय स्तंभ चौक पर झाड़ू लगाकर सफाई की।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान में कृषि मंत्री ने किया श्रमदान




**हरदा, देशबन्धु।** कृषि मंत्री कमल पटेल ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रविवार को हरदा के नेहरू पार्क में श्रमदान किया। श्रमदान के बाद मंत्री पटेल ने उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई एवं हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर भी किए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष भारतीय राजू कमेड़िया, जिला पंचायत सीईओ रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर डॉ नागार्जुन बी गौड़ा, सांसद प्रतिनिधि राजू कमेड़िया, संयुक्त कलेक्टर के.सी.परते, डिप्टी कलेक्टर संजीव नागू, एसडीएम आशीष खरे, सीएमओ कमलेश पाटीदार, अन्य जनप्रतिनिधि, पार्षदगण सहित अधिकारी कर्मचारी, नागरिक एवं कालेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने की सफाई

**हरदा, देशबन्धु।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत संस्कार विद्यापीठ हॉस्टल के विद्यार्थियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्कूल परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जाकर स्वच्छता कार्यक्रम संचालित किए। विद्यार्थियों ने विभिन्न दलों में विभक्त होकर नेहरू स्टेडियम के पास सब्जी मंडी,गुर्जर बोर्डिंग मेन रोड, नेहरू पार्क एवं आसपास का क्षेत्र, घंटाघर के आसपास का क्षेत्र में जाकर सफाई की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि राजू कमेडिया ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए सभी विद्यार्थियों की सराहना की। साथ ही खेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विक्रांत अग्रवाल ने बच्चों के साथ रहकर इस कार्य में सहयोग प्रदान कर मार्गदर्शन किया। शाला प्रबंधन के लोकेश पटेल प्राचार्य एस पी भदोरिया एडमिनिस्ट्रेटर जयंती चौहान ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शाला परिवार के उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को इस सेवा कार्य में सहभागी बनने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



## ताप विद्युत गृह के अधिकारियों ने की सफाई



**सारनी, देशबन्धु।** शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अधिकारियों ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। मुख्य अभियंता व्हीके कैथवास ने हाथों में झाडू लेकर साफ सफाई करने के बाद सिर पर कचरा उठा कर फेका। रविवार को आफिसर कालोनी में चीफ इंजीनियर कैथवास,राजीव सिंह, एसएन सिंह,सुभाष गुप्ता, ठकराल, पियूष गुप्ता,ज्योति गायकवाड़,आर के गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एक साथ साफ सफाई करके कचरे को जमा करने के बाद कचरा वाहन में भरकर कालोनी को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में लगे रहे। इस मौके पर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी सारनी के मुख्य अभियंता व्हीके कैथवास ने कहा कि एक तारिक,एक घंटा, एक साथ मिलकर शहर को स्वच्छ बनाने के अभियान में शामिल हुए है,उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी लोगो को एक साथ आना चाहिए। इस अभियान में अधिकारी अपने परिवार जन के साथ साफ सफाई करते हुए शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया है। सिविल विभाग के कार्यपालन अभियंता आरके गुप्ता ने कहा इस पावन अभियान में चीफ इंजीनियर सहित अन्य अधिकारियों ने बढ़चढ़ का हिस्सा लिया है। जिसकी वजह से ताप विद्युत गृह में कार्य करने वाले छोटे कर्मचारी भी इनसे प्रेरणा लेकर अपने गली मोहल्ले एवं कॉलोनी में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने का कार्य करेंगे उन्होंने कहा कि यह अभियान अपने घर आंगन मोहल्ले से शुरू करने की प्रेरणा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माध्यम से ली गई है।

# सारनी के अस्तित्व को नहीं खोने दूंगा: पंडाग्रे

**वार्ड 10 के पट्टा वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक**

**सारनी, देशबन्धु।** विद्युत नगरी सारनी को उजाड़ने नहीं दिया जाएगा। सारनी को खुशहाल और पूर्व की भांति और रौनक लाने के लिए हर संभव प्रयत्न किया गया है और प्रयास जारी है। यह बात विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने तिलक वार्ड क्रमांक 10 में पट्टा वितरण करते हुए कही। उन्होंने तिलक वार्ड के 34 परिवारों को पट्टा वितरण कर 5 वर्षों में क्या-क्या विकास कार्य कराया गया उसकी जानकारी तिलक वार्ड वासियों को दी।

उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 10 मेरा बहुत प्रिय वार्ड है यहां के लोगों का स्नेह मुझे बहुत ज्यादा मिलता रहा है। निसंदेह वार्ड में मेरे साथ मिलकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष दोनों ने वार्ड में विकास की गंगा बहा दी। चाहे वह आदिवासी ढाना में बिजली, 94 कॉलोनी में बिजली, बंगाली काली मंदिर में पेबिंग ब्लॉक, बाबा मठारदेव के सामने रिटर्निंग वॉल, लोहा पुल से तारक मंडल के घर तक रोड। आज यह सबसे बड़ा कार्य भूमिहीन लोगों को पट्टा वितरण की सौगात मिली। कार्यक्रम में किशोर बरर्दे नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में भाजपा जिला महामंत्री कमलेश सिंह,मण्डल अध्यक्ष नागेद्र निगम,विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा,विभाग के सभापति दशरथ सिंह जाट,भीम बहादुर थापा,पार्षद शिवकली नर्रे ,ज्योति नागल,प्रवीण सोनी,मनीष छोटे,की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अधिकारी सी.के मेश्राम के द्वारा सभी को पुष्प माला पहन कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात स्वागत उद्बोधन में नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा चलाए जा रही सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं वार्ड क्रमांक 10 में नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा किए गए सभी कार्यों का उल्लेख किया। इसके पश्चात् सभी हितग्राहियों को आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे,नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,मंचासीन सभी पार्षद,अतिथि गणों के द्वारा 34 हितग्राहियों को भूमि के पट्टे वितरण किए गए ।



### नगर पालिका और ग्राम पंचायतों में बुजुर्गों का किया सम्मान

**मुलताई, देशबन्धु।** विश्व वृद्धजन दिवस के अवसर पर मुलताई नगर पालिका सहित विभिन्न ग्राम पंचायतो में वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन कर बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुलताई नगर पालिका के सभा कक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार, उपाध्यक्ष शिव कुमार माहोरे, सभापति निर्मला उबनारे, सुरेश पौनीकर, अंजली शिवहरे, पार्षद वर्षा गडेकर, कुसुम पवार, शिल्पा शर्मा, पिल्लू जैन आदि ने बुजुर्गों का तिलक कर माला पहनकर सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं ग्राम पंचायत करपा में जनपद अध्यक्ष नान्ही बाई पवार, जनपद सदस्य मीणा हजारे, सरपंच राजू हजारे आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में गांव के बुजुर्ग एकजुट हुए और विश्व वृद्धजन दिवस के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष ने कहा कि बुजुर्ग हमारे उज्जवल भविष्य का आधार है। बुजुर्गों के मार्गदर्शन में और उनके अनुभव का लाभ लेकर हम अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं और उन्नति कर सकते हैं। हर शुभ कार्य के लिए बुजुर्गों का आशीर्वाद होना अति आवश्यक होता है। अत: विश्व वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुजुर्गों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना हम अपने आप को धन्य महसूस कर रहे है।

# गांधी के उत्तराधिकारी-नाम से नहीं कर्म से तय होंगे

• **विष्णुदत्त शर्मा**



अखिल विश्व में स्वयं के अहिंसावादी मूल्यों के लिए विख्यात महात्मा गांधी आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने वह अपने जीवनकाल में थे। दो अक्टूबर को बापू की 154वीं जयंती के अवसर पर भारत ही नहीं अपितु विश्व के अनेक देश मानवता और मानवीय मूल्यों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले इस युग-पुरुष को याद करते हुए अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं। बापू का पूरा जीवन शोषित, पीड़ित एवं वंचितों के लिए समर्पित रहा। वो अहिंसा के ऐसे विश्वदूत बने, जिनका व्यक्तित्व भारत ही नहीं अपितु विश्व के लिए एक नई मिसाल बन गया। यही कारण है कि आज संपूर्ण विश्व में बापू के प्रति अगाध श्रद्धा एवं आस्था रखता है। उनका स्वच्छता एवं स्वदेशी के प्रति प्रेम अनुकरणीय है।

दुर्भाग्य से देश की आजादी के बाद सबसे लंबे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस पार्टी ने बापू के नाम और उनके विचारों का राजनीतिक लाभ के लिए भरपूर उपयोग तो किया, लेकिन न तो उन्हें श्रद्धा और सम्मान दिया, न ही उनके विचारों को आत्मसात कर, उनके पदचिन्हों पर चलने और देश को चलाने का प्रयास किया। उनके लिए बापू की सीखें और दर्शन मौके-बेमौके, विभिन्न समारोहों में प्रदर्शन की वस्तु बनकर रह गए। उन्हें न ही स्वदेशी से कोई सरोकार था न ही बापू के सबसे बड़े सपने, देश में स्वच्छता से। उन्हें मतलब था तो केवल गाँधी जी के नाम पर थोक के भाव राजनीतिक वोट बैंक हथियाने से। इसी कारण देश के लाखों लोग साल दर साल प्रदूषण, स्वच्छता के अभाव में होने वाली बीमारियों और दूषित पानी के कारण काल के ग्रास में चले जाते थे या अनेक गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाते थे।

बापू के विचारों, उनकी सीखों, उनके दर्शन को अपनाकर उन्हें अपने और राष्ट्रीय आचरण में उतारने का ईमानदार प्रयास 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने शुरू किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के लिए स्वच्छता से लेकर स्वदेशी तक और गरीबों के लिए कल्याणकारी रामराज्य से लेकर आत्मनिर्भर भारत तक कोई आदर्श वाक्य नहीं है, बल्कि व्यवहारिक प्रयोग हैं। सच्चे अर्थों में प्रधानमंत्री श्री मोदी महात्मा गांधी के विचारों और मूल्यों को, उनके सपनों को जमीन पर उतारने का काम कर रहे हैं।

देश के वर्तमान प्रधानमंत्री एवं विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता श्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी की बापू के प्रति अगाध श्रद्धा सर्वविदित है। मोदी जी दिखावा पसंद राजनेता कभी नहीं रहे। उन्होंने किसी महापुरुष की कीर्ति को अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ के लिए भुनाने हेतु कभी अनैतिक प्रयास भी नहीं किए। किन्तु पूरी निष्ठा और ईमानदारीपूर्वक देश के महापुरुषों के द्वारा देखे गए स्वप्नों को पूरा करने के लिए भारत माँ का यह सच्चा सपूत दिन-रात बिना थके-बिना रुके रामकाज किन्हें बिनु मोहि कहाँ विश्राम के भाव के साथ लगे हुए हैं। उनके लिए राष्ट्रसेवा ही रामकाज है।

वैसे कुछ लोग इस बात से असहमत भले हों किन्तु फिर भी मुझे कहने में तनिक भी संकोच नहीं कि श्रद्धेय बापू और देश के वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी में अनेक विशिष्ट समानताएँ हैं। दोनों अद्भुत परिश्रमी और प्रचण्ड पुरुषार्थी हैं। दोनों स्वच्छता एवं स्वदेशी के दुर्लभ पैरोकार हैं। दोनों की लोकप्रियता भी सर्वविदित है। दोनों के मन मस्तिष्क में राष्ट्र प्रथम के साथ ही मानवता की सेवा और विश्व बंधुत्व का भाव भी समान रुप से दृष्टिगत होता है। गुजरात की पवित्र माटी में जन्मे इन दोनों सपूतों ने भारत माता का मस्तक अपने कृतित्व के माध्यम से सदैव ऊंचा रखा है। स्वच्छता, स्वतंत्रता से ज्यादा जरुरी है। महात्मा गांधी द्वारा कहे गए इस वाक्य को आत्मसात करते हुए 2 अक्टूबर 2014 को बापू की जयंती के अवसर पर श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने स्वच्छता को मिशन बनाकर एक ऐसे जनान्दोलन के रुप में परिवर्तित कर दिया जो सम्पूर्ण विश्व के लिए कौतूहल का विषय हो गया। हर कोई इस अभियान की सफलता देखकर हतप्रभ रह गया। बड़े-बड़े सेलीब्रिटी, राजनेता एवं भारत के सभी लोग हाथ में झाडू लेकर अपने-अपने गली मोहल्ले की सफाई में लग गए। सार्वजनिक जगहों में बिना रोक-टोक के गंदगी फैलाने वाले लोग स्वयं से कचरा उठाकर डस्टबिन में डालने लगे। साथ ही खुलेआम शौच करने वाले आमजन भी स्वयं के साथ दूसरों को भी शौचालय के महत्व समझाने लगे। कुल मिलाकर सभी एक नई गति और नए कलेवर के साथ बदलते भारत की नवीनतम तस्वीर बनाने में जुट गए।

महात्मा गांधी ने कहा था-यदि हम अपने घरों के पीछे सफाई नहीं रख सकते तो स्वराज की बात बेईमानी होगी। हर किसी को स्वयं अपना सफाईकर्मी होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान पर महात्मा गांधी द्वारा प्रेरित स्वच्छता अभियान के प्रति देश ने एक ऐसा क्रान्तिकारी परिवर्तन देखा, जिसमें जन-जन ने अपना अभूतपूर्व सहयोग देकर स्वच्छ भारत की छवि में चार चाँद लगा दिए। 2014 में यूएन द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की लगभग 60 प्रतिशत आबादी खुले में शौच करती थी। लेकिन इस स्वच्छता अभियान के पांच वर्ष बाद ही सन् 2019 में बापू के 150 वीं जयंती तक 100 मिलियन से अधिक शौचालयों का निर्माण करके ग्रामीण भारत ने स्वयं को खुले में शौच से मुक्त करके स्वयं के ऊपर लगे कलंक से मुक्ति प्राप्त कर ली। जो परिवर्तन आप दूसरों में देखना चाहते हैं वह सबसे पहले अपने आप में लागू करें।। बापू की इस बात को स्वयमेव लेते हुए देश की जनता, भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता और तमाम समाजसेवी संगठनों ने मिलकर अपना अभूतपूर्व योगदान दिया। कोई भी कार्य कुशल नेतृत्व एवं मजबूत संगठन के बिना अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता। दूरदर्शी सोच और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर ही मध्यप्रदेश स्वच्छता के मापदण्ड पर देशभर में शुरुआत से ही अव्वल रहा है। केन्द्रीय नेतृत्व और प्रदेश संगठन के साझा प्रयासों ने एक नया इतिहास दर्ज़ करवाते हुए मध्यप्रदेश को स्वच्छता में अग्रणी राज्य का तमगा दिलवाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के आह्वान पर पूरे देश में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के सुखद परिणाम अब दिखाई देने लगे हैं और यह अभियान देश में अब एक सामाजिक परिवर्तन का वाहक बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण भारत के खुले में शौच मुक्त होने के बाद से हैजा जैसी संक्रामक बीमारियों में उल्लेखनीय कमी आई है।

महिलाओं को शर्मिंदगी नहीं झेलनी पड़ती है और ग्रामीण इलाकों में महिला अपराधों और छेड़छाड़ जैसी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। इसी अभियान के अंतर्गत पहल करते हुए भारतीय रेलवे ने ट्रेन के कोचों में बॉयो डाइजेस्टर युक्त शौचालयों का प्रयोग शुरू किया, जिसके बाद से रेलवे ट्रैक, रेल्वे प्लेटफॉर्म और स्टेशन गंदगी से मुक्त हो गए हैं। सबसे बड़ा बदलाव लोगों की आदत में आया है और वह यह है कि आज सार्वजनिक स्थल पर कचरा फेंकने से पहले दस बार सोचता है और अगर उसे मजबूरी में इधर-उधर कचरा फेंकना भी पड़े, तो ऐसा करते समय वह कहीं न कहीं अपराध बोध से ग्रसित महसूस करता है। देश के लोगों में स्वच्छता के प्रति यही जिम्मेदारी का भाव पैदा कर देना प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रयासों की सबसे बड़ी सार्थकता है। इन तमाम विसंगतियों के प्रति सूक्ष्म एवं दूरदर्शी सोच रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान, हर घर जल योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित अनेकों प्रभावकारी योजनाओं के माध्यम से एक निर्णायक परिदृश्य का निर्माण किया है। जहां हर कोई आत्मविश्वास के साथ कह सकता है कि मेरा देश बदल रहा है। और यह बदलाव एक ऐसे जननायक के माध्यम से आया है जो किसी भी स्थिति में देश को सर्वोपरि मानता है। वह राष्ट्रीय हितों के मुद्दों पर बिना किसी लाग-लपेट या संकोच के मजबूती से अडिग रहता है। वह शांति का हिमायती है लेकिन डरपोक नहीं, वह अन्तरराष्ट्रीय संबंधों का पक्षधर है किन्तु देशहित को प्रभावित किए बिना। वह सही को सही और गलत को गलत कहने का दम रखता है। तभी तो समूचा विश्व उसके सम्मोहन के मोहपाश में है।

आज जब देश महात्मा गांधी जी की 154 वीं जन्म-जयंती मना रहा है। भारत प्रगति के नित नए आयाम गढ़ रहा है। आज 140 करोड़ देशवासियों की सम्मिलित शक्ति का भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था और महाशक्ति बन चुका है। दुनिया की आँख से आँख मिलाने का यह दमखम देश ने स्वदेशी की शक्ति से अर्जित किया है। आज हमारी तकनीकी शक्ति और समृद्धि से चन्द्रयान के रूप में अंतरिक्ष क्षेत्र गुंजायमान हो रही है। ऐसे महत्वपूर्ण समय में हम सभी का यह प्राथमिक कर्तव्य होना चाहिए कि राष्ट्रसेवक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का हमारा संकल्प कहीं मंदा न पड़े। स्वच्छता के रूप में समृद्ध भारत के वैभव का दर्शन सम्पूर्ण विश्व को प्राप्त हो इससे बेहतर और सच्ची श्रद्धांजलि गांधी जी को और क्या होगी? मेरी समझ से आज देश में यह अनिवार्य बहस भी होनी चाहिए कि महात्मा गांधी के वास्तविक राजनीतिक उत्तराधिकारी जबरन उनके नाम को अपनाने वाले होंगे या फिर उनके काम और विजन को आत्मसात करने वाले।

**( लेखक-भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं )**

## सार समाचार

### मुस्कान संस्था में मनाया वरिष्ठ समाजसेवी का जन्मदिन



**इटारसी देशबन्धु।** आज मुस्कान बालिका गृह में वृद्ध जन दिवस के शुभ अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी का श्रीमती मनोरमा देवी अग्रवाल का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर उनके परिवारजन वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक हरिनारायण अग्रवाल, विवेक अग्रवाल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। श्रीमती मनोरमा अग्रवाल के 75 जन्मदिन पर पर उन्हें सम्मानित किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी दीपक ने अपने उद्बोधन में मुस्कान संस्था के बच्चों को बुजुर्गों की सेवा एवं सम्मान को लेकर अपनी बात रखी। मुस्कान बालिका गृह के संचालक मनीष ठाकुर सहित समस्त स्टाफ एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। साथ ही मुस्कान संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा न्यास कॉलोनी में वरिष्ठ नागरिक एवं बुजुर्गों के घर जा जाकर उन्हें पुष्प माला से सम्मानित कर आशीर्वाद ग्रहण किया।

### जिलेभर में वरिष्ठ मतदाताओं का किया सम्मान



**नर्मदापुरम देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एक अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित कर 80 वर्ष तथा उससे अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान सभी जनपद एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए गए और वृद्धजन का सम्मान किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर पालिका सभाकक्ष में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ मतदाताओं को शाल-श्रीफल भेंट कर एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ने सभी वरिष्ठ मतदाताओं एवं उनके परिवारजनों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ मतदाताओं को वोट डालने के लिए की गई सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में अनेक वरिष्ठ मतदाताओं ने भी मतदान संबंधी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर तहसीलदार नगर, प्रभारी सीएमओ प्रशांत जैन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सनाढ्य ब्राह्मण सभा ने 15 वृद्धों को सम्मानित किया



**इटारसी देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के तहत सनाढ्य ब्राह्मण सभा इटारसी ने समाज के वयोवृद्ध परिजनों का 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक तीन दिवसीय सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। सभा के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के 15 वयोवृद्ध परिजनों के आवासों पर पहुंचकर, उनकी अतीत में समाज एवं परिवार को दी गई अतुलनीय स्वर्णिम सेवाओं को याद कर सनातन परंपरा से सम्मानित किया। सभा के प्रवक्ता दिलीप शर्मा ने सम्मानित हुए सदस्यों की जानकारी देते हुए बताया कि शारदबाई शर्मा आयु 94 वर्ष, भीलाखेड़ी, द्वारिका प्रसाद भारद्वाज 92 वर्ष, बालकृष्ण नगाइच 88 वर्ष इटारसी, मदन मोहन तिवारी 86 वर्ष मेहरागांव, त्रिवेणी बाई दुबे 86 वर्ष जमानी, रामगोपाल त्रिपाठी 84 वर्ष इटारसी, गुलाबचंद मिश्रा 84 वर्ष धुरपन, आज्ञाराम शर्मा 82 वर्ष घाटली, उषा तिवारी 82 वर्ष मेहरागांव, गोविंद प्रसाद दीक्षित 78 वर्ष, बिट्टन बाई शर्मा 78 वर्ष इटारसी, शारदाबाई मिश्रा 78 वर्ष धुरपन, मालती देवी ढिमोले 76 वर्ष, मथुरा प्रसाद शर्मा 75 वर्ष इटारसी, रमाकांत भारद्वाज 75 वर्ष पथरोटा को सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाली वृद्ध जनों ने भाव-विभोर होकर सनाढ्य ब्राह्मण सभा के वृद्ध जनों में उत्साह वर्धन करने वाले कार्यक्रम की सराहना की एवं आशीर्वाद दिया। प्रतिनिधि मंडल में जयंत शर्मा, मुकेश पाराशर, जुगल किशोर शर्मा, शिवनारायण बुधोलिया, अनिरुद्ध चंसौरिया, महादेव प्रसाद शर्मा, बृज किशोर शर्मा, घनश्याम शर्मा, संतोष शर्मा, महेंद्र पचौरी, प्रशांत चौबे, आशुतोष दुबे, राजकुमार दुबे आदि की सहभागिता रही।

#### आंगनबाडी केंद्र के भूमिपूजन के अवसर पर बोले विधायक डॉ शर्मा

# अध्यक्ष पैसे का थैला लेकर निकले हैं, भगत सिंह नगर के विकास में कमी नहीं आने देंगे



**इटारसी देशबन्धु।** नगरपालिका परिषद इटारसी द्वारा वार्ड 26 में 7.5 लाख रुपये से बनने वाले आंगनबाडी केंद्र का भूमिपूजन आज जनप्रतिनिधियों ने किया। भूमिपूजन विधायक एवं मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, पार्षद कुंदन गौर व अन्य पार्षद सभापति राकेश जाधव, अमित विश्वास, शुभम गौर, जिमी कैथवास ने किया।

इस अवसर पर स्वागत भाषण देते हुए पार्षद कुंदन गौर ने कहा कि विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के नेतृत्व में शहर व वार्ड विकास की नई ऊंचाईयों पर जा रहा है, उन्होंने कहा कि हम जितना मांगते हैं उससे ज्यादा हमें मिलता है। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे पैसों का थैला लेकर निकले हैं, यह विकास में कमी नहीं आने देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस क्षेत्र को नाला मोहल्ला बनाकर रखा हुआ था, हम इसे भगत सिंह नगर बनाकर रहेंगे। हर तरफ शानदार विकास कार्य कराए जाएंगे। इस नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि आपने कुंदन गौर के तौर पर शानदार जानदार पार्षद चुनकर परिषद में भेजा है, यह हर वक्त आपकी चिंता करते हैं, वार्ड में कार्यों के लिए लगातार बात करते हैं। संचालन रोहित गौर ने किया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला भी मौजूद रही। उन्हीं के विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के लिए राशि नपा को दी गई है।

◆ **नपाध्यक्ष ने कहा विधायक के नेतृत्व में विकास की गाथा लिख रहे हैं**

**विधायक ने देखे सीसीटीवी कैमरे:-** यहां भगत सिंह नगर में अंकित राठौड़ द्वारा स्वयं के व्यय पर लगाए सीसीटीवी कैमरे और उनकी मॉनीटरिंग को विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने देखी। श्री राठौड़ द्वारा 7 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इससे आसपास की सुरक्षा की जा रही है।

#### 142 परिवारों के पट्टा वितरण कार्यक्रम में बोले विधायक-

## सरकार हमारे लिए सेवा करने का अवसर



**इटारसी देशबन्धु।** नगर पालिका चुनाव के वक्त भाजपा और पार्षद पद के प्रत्याशी मनजीत कलोसिया ने वार्डवासियों से उनकी जमीन का मालिकाना हक दिलाने का जो वादा किया था, वह आज पूरा कर दिया। वार्ड 12 में आंबेडकर नगर के 142 परिवारों को पट्टे वितरित किये गये। आज मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सभापति व पार्षद मंजीत कलोसिया ने पट्टों का वितरण किया।

इस अवसर पर सभापति राकेश जाधव, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, विधायक प्रतिनिधि भरत वर्मा, देवेंद्र पटेल, समाजसेवी मनीष सिंह ठाकुर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष जागृति भदोरिया, महामंत्री हेमतला कदम, अभिषेक तिवारी, हरप्रीत छावड़ा, पार्षद अमित विश्वास, राहुल प्रधान, वार्ड के वरिष्ठ नागरिक लक्ष्मी नारायण चौहान, चेतन यादव मौजूद थे। संचालन कुलदीप रघुवंशी ने किया। इस अवसर पर वार्ड की जनता ने पार्षद मंजीत कलोसिया के साथ नारे लगाए मप्र के मन में मोदी और इटारसी के मन में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा। संबोधित करते हुए विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा वे विधायक होने के नाते बड़ी जिम्मेदारी से बोल रहे हैं, हमारे लिए सरकार का मतलब जनता की सेवा करने का अवसर होता है और कांग्रेस के लिए यह आमदनी का जरिया होता है। डॉ. शर्मा ने वार्ड की जनता से कहा कि आपने युवा और कर्मठ पार्षद हमको दिया जिसकी मेहनत और लगन से आज आपको ये पट्टे मिल रहे हैं। पुराने पार्षद पांच साल घर में बैठकर पार्षदी करते थे। 15 सालों बाद प्रदेश में कांग्रेस सरकार आई थी लेकिन कमलनाथ और जिले शहर के किसी कांग्रेसी नेता ने आपको पट्टे दिलाने के लिए पहल नहीं की।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि कुछ कांग्रेसी आपसे पट्टे के लिए पैसा मांगते थे लेकिन कभी पटटे दिए नहीं। अब आपके पार्षद मंजीत ने घर घर जाकर आवेदन आपसे भरवाए और हम और मनजीत कई बार अधिकारियों से आपके पट्टे के लिए मिले। पार्षद व सभापति मंजीत कलोसिया ने कहा कि जिस प्रकार देश और मध्यप्रदेश के मन में प्रधानमंत्री मोदी है, ठीक इसी प्रकार नर्मदापुरम इटारसी के मन में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा हैं। यह बात प्रमाणित भी है क्योंकि वह डॉ शर्मा ही है जिन्होंने क्षेत्र की जनता का विश्वास जीता है, जिन्होंने अपराधियों गुंडे मवालियों से लोगों को मुक्ति दिलाई है, जिन्होंने विकास का जो वादा किया और उसे निभाया भी। करीब तीन दशक से अधिक समय से यहां निवासरत 142 परिवारों को पट्टे मिलने से सबके चेहरे खुशी से खिल उठे।

#### सतपुड़ा टायगर रिजर्व के गेट खुले

## पहले दिन चूरना जोन में पर्यटकों को बाघ दिखा



**इटारसी देशबन्धु।** मानसूनी सीजन में बंद सतपुड़ा टायगर रिजर्व के गेट सैलानियों के लिए खोल दिये हैं। पहले ही दिन असंख्य सैलानी वन्य प्राणियों का दीदार करने मढ़ई और चूरना के जंगलों में परिवार सहित पहुंचे और जंगल सफारी के साथ ही बोटिंग का आनंद उठाया। पूर्व क्रिकेटर नमन ओझा भी अपने परिवार के साथ एसटीआर के मढ़ई पहुंचे। चूरना में सैलानियों को पहले ही दिन बाघ के दीदार हो गये। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में वन्यप्राणियों को देखने के लिए रविवार से मढ़ई-चूरना के गेट खुल गए हैं। बड़ी संख्या में पर्यटक टाइगर रिजर्व पहुंचे। पूर्व क्रिकेटर नमन ओझा फैमिली सहित मढ़ई पहुंचे और बोट सफारी और जिप्सी से जंगल सफारी की।

### बाघ के पहले दिन हुए दीदार

बाघ ने दिये पर्यटकों को पहले दिन ही दीदार दिये। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के गेट खुलने के पहले दिन चूरना जोन में पर्यटकों का हूजूम उमड़ पड़ा। प्रात: 5.30 बजे से पर्यटक वाहन भीमकुण्ड गेट पर प्रवेश हेतु उपस्थित हो गये थे। प्रथम दिवस 10 जिप्सियों ने सफारी हेतु टाइगर रिजर्व में प्रवेश किया। भीमकुण्ड गेट पर आने वाले पर्यटकों का स्थानीय स्टाफ ने फूल माला एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। पर्यटकों का उत्साह हरे-भरे सतपुड़ा के जंगलों के अन्य वन्यप्राणियों के दीदार के साथ टाइगर के दर्शन करना भी प्राथमिकता में था।

### इंदौर के पर्यटक खुशकिस्मत

कहते हैं कि टाइगर हर किसी को इतनी आसानी से अपने दीदार नहीं करने देते, लेकिन इन्दौर से आये पर्यटक कार्तिकेय देशमुख को सफारी के दौरान वनराज ने अपने दर्शन दिये। पहले दिन चूरना जोन में टाइगर को अपने सामने पाकर कार्तिकेय एवं साथ में अन्य पर्यटकों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अधीक्षक बोरी अभ्यारण्य विनोद वर्मा ने बताया कि वर्तमान में मार्गों के किनारे एवं जंगल में घांस फूस और हरियाली ज्यादा होने से टाइगर को ढूंढ पाना आसान नहीं होता है।

## सांसद विवेक तनखा ने बांद्राभान एवं इटारसी के वृद्धाश्रम में सोलर प्लांट स्वीकृत किया



**इटारसी देशबन्धु।** राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तनखा ने नर्मदापुरम दौरे के दौरान की गई घोषणा पर अमल करते हुए अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर अपना घर वृद्धाश्रम इटारसी एवं आसरा वृद्धाश्रम बांद्राभान हेतु 2 सोलर प्लांट हेतु स्वीकृति दी है।

अधिवक्ता रमेश के साहू एडवोकेट इटारसी ने बताया कि सांसद श्री तनखा ने 5-5 किलो वाट के रूफ टॉप सोलर सिस्टम स्थापित कारने हेतु 4.12 एवं 4.72 लाख सहित कुल 8.84 लाख रुपए की स्वीकृति का पत्र कलेक्टर नर्मदपुरम जिला योजना समिति को जारी किया है। सोलर प्लांट स्थापना हेतु नगरपालिका परिषद इटारसी और ग्राम पंचायत रायपुर को नोडल एजेंसी बना गया है। श्री तनखा द्वारा सोलर प्लांट स्थापना हेतु राशि स्वीकृत किए जाने पर रोटरी क्लब इटारसी एवं आसरा वृद्ध आश्रम तथा अपना घर वृद्ध आश्रम संचालन समिति ने उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि वृद्ध जनों की समस्याओं और समाधान हेतु उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा तथा एमपी लेड की राशि का सदुपयोग भी होगा।

## एक साथ 1 घंटे : स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान का हुआ आयोजन



**नर्मदापुरम देशबन्धु।** स्वच्छता ही सेवा 2023 अंतर्गत 02 अक्टूबर गांधी जयंती के शुभ अवसर की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को आदरांजलि दिये जाने के लिए कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में जिले के सभी नगरपालिका, वार्ड, शहरी क्षेत्रों सहित शासकीय कार्यालयों में 01 अक्टूबर को एक साथ 1 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया।

जिसके अंतर्गत कलेक्ट्रेट कार्यालय, जिला पंचायत कमिश्नर कार्यालय सहित अन्य जिले के सभी कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सघन साफ-सफाई की गई। कलेक्टर ने कलेक्टोरेट कार्यालय के विभिन्न कक्षों एवं परिसर में अधिकारियों के साथ साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय स्थित तवा भवन का निरीक्षण भी कर स्वच्छता अभियान का अवलोकन किया। अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद गुर्जर सहित अन्य अधिकारियों द्वारा भी स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया। जिला पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसएस रावत द्वारा जिला पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ साफ सफाई की गई।

### जिला पंचायत कार्यालय में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने की साफ सफाई

जिला पंचायत अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भारत सरकार के स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत 1 अक्टूबर को एक साथ 1 घंटे स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय अभियान में शामिल होकर श्रमदान किया। जिला पंचायत भवन के अंदर एवं भवन के चारों ओर के क्षेत्र की सफ़ाई की एवं सफाई में निकले कचरे को उठाकर नगरपालिका की कचरा इकठ्ठा करने वाले वाहन में डाला गया। स्वच्छता के इस अभियान में सबसे पहले जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत द्वारा सभी कर्मचारियों को इकट्ठा कर सभी सुरक्षा की दृष्टि से मास्क एवं हाथ के दस्ताने पहनने के लिए बताया। साथ ही सुरक्षित रहकर जिला पंचायत भवन की सफाई की गई एवं स्वच्छता अभियान के आखिर में सीईओ श्री रावत द्वारा स्वयं के साथ सभी कर्मचारियों को स्वच्छता अभियान में हमेशा शामिल रहने का संकल्प भी दिलाया।

### जिम्मेदारी समझें, नहीं निभानी पड़ेगी औपचारिकता

अधिकारियों द्वारा स्वच्छता के लिए श्रमदान को लेकर शहर भर में जन चर्चाएं होती रही। लोगों ने कहा कि स्वच्छता के लिए अधिकारियों का श्रमदान करना हाथी के उन दांतों जैसा होता है जो दिखाने के कुछ और खाने के कुछ होते हैं। लोगों ने कहा कि श्रमदान करना अच्छा है लेकिन इसे एक दिन की औपचारिकता क्यों बनाया जा रहा है। महात्मा गांधी जी ने तो हमेशा स्वच्छता पर ध्यान दिया। साफ सफाई की और स्वच्छता का संदेश भी हमेशा दिया। लोगों ने बताया कि अधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारी समझें, रोजाना अपने कार्यालयों में साफ सफाई करवाएं। आते जाते राह में जहां गंदगी दिखे उसे साफ करवाने का दायित्व उठाएं यही महात्मा गांधी का संदेश होगा और उनके लिए यही आदरांजलि भी होगी।

#### विधायक की मौजूदगी में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ने दिलाई सभी को स्वच्छता की शपथ

# इटारसी सरोवर में नागरिकों ने ली स्वच्छता की शपथ





**इटारसी देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आज स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शहर के नागरिकों, स्वयंसेवी, सामाजिक संस्थाओं, खेल संस्थाओं ने इटारसी सरोवर पहुंचकर श्रमदान किया। इस मौके पर विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे, उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, स्वच्छता विभाग के सभापति राकेश जाधव, पार्षद एवं सभापति मनजीत कलोसिया, अमित विश्वास, कुंदन गौर, कुलदीप रघुवंशी, पार्षद प्रतिनिधि शहबाज बेग, राजकुमार बाबरिया, आशुतोष अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष पुरानी इटारसी मयंक मेहतो, महामंत्री इटारसी मंडल राहुल चौरे, शैलेंद्र दुबे, पुरानी इटारसी मंडल महामंत्री गोविंद मेहतो, अल्प संख्यक मोर्चा अध्यक्ष नफीस अहमद सिद्धीकी, युवा मोर्चा अध्यक्ष इटारसी अभिषेक निर्मल, पुरानी इटारसी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सौरभ चौधरी, गोपाल शर्मा, शुभम राठौड़, शुभम पटेल, अमन अग्रवाल, गुलाब अग्रवाल, विनोद साठे, नरेश मेघानी, नितिन व्यास, नगरपालिका स्वच्छता विभाग प्रभारी उपयंत्री मयंक अरोरा, कमलकांत बड़गोती, जगदीश पटेल सहित अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने कहा कि आज 12 वर्ष से 70 साल से अधिक के नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर साबित कर दिया है कि देश महात्मा गांधी को सच्चे अर्थों में श्रद्धांजलि देने के लिए तत्पर रहता है, नागरिकों ने साबित कर दिया कि स्वच्छता के लिए झाड़ू उठाने से परहेज नहीं और देश को जरूरत पड़े तो बंदूक उठाना भी मंजूर है। आपके इसी संकल्प के आधार पर हम शहर को स्वच्छता में नयी ऊंचाईयों पर ले जा सकते हैं।

◆ **स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नागरिक, स्वयंसेवी, सामाजिक संस्थाओं ने किया श्रमदान**

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प पर आज पूरे देश में हर वार्ड, हर गली, सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता का अभियान चलाया जा रहा है। आज यहां इटारसी सरोवर में विभिन्न संगठनों ने जो उत्साह दिखाया उसके आधार पर हम कह सकते हैं कि शहर स्वच्छता में नंबर वन आएगा।

### इन संगठनों ने दिया योगदान

आज इटारसी सरोवर में श्रमदान के लिए लायंस क्लब, जिला हॉकी संघ, पर्यावरण के लिए कार्यरत संस्था परिवर्तन, पानी बचाओ संगठन, वरिष्ठ नागरिक मंच, शासकीय कन्या महाविद्यालय से प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा के नेतृत्व में स्टाफ और एनसीसी, एनएसएस की छात्राएं, मेहरा समाज महासंघ के पदाधिकारियों सहित शहर के अन्य सामाजिक संगठन और गणमान्य नागरिक, नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और श्रमदान किया।

### सभी ने ली स्वच्छता की शपथ

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलायी कि हम सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलिथिन का प्रयोग नहीं करेंगे, सूखा और गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखेंगे और नगर पालिका की कचरा गाड़ी में ही डालेंगे, घरों का कचरा सड़क पर या खुले में न फैकेंगे और ना किसी को फैंकने देंगे, शॉपिंग के लिए कपड़े की थैली का उपयोग करेंगे।

### वार्डों में पार्षदों ने की सफाई

वार्डों में पार्षदों ने स्वच्छता दूतों के साथ सफाई की। इसमें वार्ड 16 के पार्षद अमित कापरे, वार्ड 26 से पार्षद कुंदन गौर, वार्ड 25 से पार्षद शुभम गौर, वार्ड 24 से पार्षद नाजिया बेग, पार्षद प्रतिनिधि शहबाज बेग सहित अन्य वार्डों में पार्षदों ने सफाई की।

राज्यपाल पटेल ने प्रदेश के मतदाताओं से किया आह्वान

# चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान का कीर्तिमान बनाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेश के समस्त मतदाताओं से आहवान किया है कि आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान का कीर्तिमान बनाएं। राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का आदर्श प्रस्तुत करें। श्री पटेल ने युवाओं से कहा है कि लोकतंत्र के उत्सव को जिद, जोश और जुनून के साथ मनाने के वरिष्ठ नागरिकों के भाव और भावनाओं से प्रेरणा लेकर आगामी निर्वाचन में मतदान के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सबसे पहले करें मतदान उसके बाद कोई दूसरा काम।

राज्यपाल श्री पटेल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ मतदाताओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ मतदाताओं श्रीमती पांचो बाई पाल और श्री चन्द्र भूषण श्रीवास्तव का उनके पास जाकर सम्मान किया। आर.सी.व्ही.पी.नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के सभागार में हुए कार्यक्रम में पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, श्री ओ.पी. रावत, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री अनुपम राजन और राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी और भोपाल जिले के 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मज़बूती और जीवंतता का आधार निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाता की सक्रिय सहभागिता है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की मज़बूती के लिए जितना जरूरी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव है, उतना ही महत्वपूर्ण मतदान में मतदाताओं की अधिकतम सक्रिय भागीदारी भी है। उन्होंने समाज के वंचित समुदाय के मतदाताओं में मतदान को पवित्र कार्य मानने के प्रसंग का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि गुजरात के नगरीय चुनावों के दौरान मतदान से पूर्व रात्रि में एक परिवार के सदस्य की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। परिवार ने मतदान को जरूरी जिम्मेदारी मानते हुए पार्थिव देह का अंतिम संस्कार प्रातः साढ़े सात बजे से पहले संपन्न कर दिया जिससे समुदाय के सभी व्यक्ति मतदान कर सकें। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को चाहे अमीर-गरीब हो, शिक्षित-अशिक्षित हो, इसी समर्पण के साथ मतदान करना चाहिए। प्रत्येक नागरिक को यह समझना जरूरी है कि लोकतंत्र में सबसे पवित्र और मूल्यवान कार्य मतदान है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि वरिष्ठ मतदाताओं के कर्तव्य पालन का ही प्रतिफल है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के गौरव के साथ सबल, समर्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत निर्माण के पथ पर हम आज तेज गति से आगे बढ़ रहे है। उन्होंने सम्मानित सभी 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं का संवैधानिक मूल्यों के प्रति समर्पण और निष्ठा की सराहना करते हुए, स्वस्थ, सुखी जीवन की कामना की। उन्होंने निर्वाचन आयोग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को साधुवाद देते हुए सराहना की।

पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग, श्री ओ.पी. रावत ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता देश का भाग्य विधाता है, जिसके द्वारा चुनी गई सरकार देश का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र में ही संभव है कि भोपाल का सामान्य व्यक्ति, देश का राष्ट्रपति बन सकता है। इस व्यवस्था का संरक्षण और संरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने फेक न्यूज़ के बढ़ते संकट को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए वरिष्ठ मतदाताओं से युवाओं का मार्गदर्शन करने का अनुरोध किया। श्री रावत ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने में नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि ऐप की व्यवस्था से पूर्व जहाँ प्राप्त शिकायतों में से 99.99 प्रतिशत गलत निकलती थीं, वहीं ऐप पर प्राप्त करीब 90 प्रतिशत शिकायतें सही पायी गई हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश, अनुपम राजन ने अपने स्वागत उद्बोधन में निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की जानकारी दीं। उन्होंने बताया कि 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की शारीरिक क्षमताओं और आवागमन के दृष्टिगत जिला स्तर पर उनके घर पर सम्मान की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना में तेंदूपत्ता संग्राहकों को हितलाभ वितरण

# प्रदेश में चल रहा सामाजिक क्रांति का अभियान

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के लाड़कुई में 154.47 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सामाजिक क्रांति का अभियान चल रहा है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आम नागरिकों का जीवन बदलने का मिशन चल रहा है। विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। गांवों में शानदार सड़कों का जाल बिछा दिया गया है। मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज, सीएम राइज स्कूल, अस्पताल बन रहे हैं। विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। जनता की जिंदगी को बेहतर बनाने में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। परिवार में एक व्यक्ति को रोजगार देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना में तेंदूपत्ता तोड़ने वाले भाई-बहनों को जूते- चप्पल, पानी की कुप्पी, साड़ी आदि सामग्री दी जा रही है। जनता की सेवा ही पूजा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अब लाड़कुई के शासकीय महाविद्यालय में एम.ए. की कक्षाएं प्रारंभ करेंगे। उन्होने कहा कि उन्होने यह महाविद्यालय शुरू करवाया था। श्री चौहान ने कहा कि बहनों ने कभी सोचा नहीं होगा कि ऐसा भी एक दिन आएगा कि भैया उनके खाते में सीधे पैसा डालेगा। मुख्यमंत्री ने तेंदुपत्ता संग्राहकों को हितलाभ प्रदान किया। वन मंत्री कुंवर विजय शाह और सांसद रमाकांत भार्गव तथा जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 96 करोड़ 93 लाख रूपए की राशि से 51 किलोमीटर के सीहोर-इछावर-कोसमी मार्ग का लोकार्पण किया। उन्होने 20 करोड़ 30 लाख की लागत से मांगरोल से टीकामोड-बाबडीखेडा-रतनपुर से लाचौर मार्ग, 03 करोड़ 91 लाख की लागत से मोंगराखेडा से भूराखेडा सड़क, 31 करोड़ की राशि से निर्मित होने वाले जनजातीय कन्या शिक्षा परिसर लाड़कुई झाली, 71 लाख रूपए की लागत से उप स्वास्थ्य केंद भादाकुई के भवन निर्माण, 71 लाख की लागत से उप स्वास्थ्य केन्द्र बसंतपुर का भवन निर्माण कार्य, 26 लाख की लागत से वनपरिक्षेत्र कार्यालय वीरपुर का निर्माण कार्य, 13 लाख की लागत से वनपरिक्षेत्र कार्यालय लाड़कुई का निर्माण कार्य, 13 लाख की लागत से वनरक्षक नाका सेवनिया परिहार का निर्माण कार्य, 26 लाख की लागत से वनरक्षक नाका मगरपाट का निर्माण कार्य एवं 13 लाख की लागत से वनरक्षक नाका सिराड़ी का निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।




## हितलाभ वितरित

इस वर्ष मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना में सीहोर जिले के 20,956 संग्राहक परिवारों में प्रत्येक परिवार के मुखिया सदस्य को 19,602 जूते, 17,856 महिलाओं को चप्प्ल 20,956 परिवारों को पानी की बोतल तथा परिवार की प्रत्येक महिला सदस्या को 38,016 साड़ियों का वितरण किया जा रहा है। इस योजना में लगभग 2 करोड़ 98 लाख रूपये खर्च किये गये हैं। वर्ष 2023 में तेन्दूपत्ता संग्रहण सीजन में 19055.035 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण कराया गया, जिसमें कार्डधारी 17, 399 संग्राहक परिवारों को 61, 784 तेन्दूपत्ता संग्राहकों को तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक की राशि लगभग 5 करोड़ 71 लाख का भुगतान किया गया है। वर्ष 2023 में संग्रहण वर्ष 2021 तेंदूपत्ता संग्रहण प्रोत्साहन पारिश्रमिक (बोनस) राशि लगभग 3 करोड़ 07 लाख का भुगतान किया गया है और संग्रहण वर्ष 2022 तेन्दूपत्ता संग्रहण प्रोत्साहन पारिश्रमिक (बोनस) राशि लगभग 5 करोड़ 58 लाख का भुगतान किया जा रहा है।

# भारत में अफगान दूतावास ने बंद किया काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में अफगान दूतावास आज से यानी 1 अक्टूबर से बंद हो रहा है। अफगानिस्तान के दूतावास ने 1 अक्टूबर से कामकाज बंद करने का ऐलान किया है। अफगानिस्तान का दावा है कि मेजबान देश यानी भारत सहयोग नहीं कर रहा इस कारण दूतावास को बंद किया जा रहा है।

बता दें कि अफगानिस्तान दूतावास ने यह घोषणा शनिवार की रात को की थी। शनिवार को एक घोषणा कर अफगान दूतावास ने बताया था कि वह कामकाज बंद कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि यह घोषणा करने में उन्हें बहुत अफसोस हो रहा है। बहुत ही निराशा के साथ नई दिल्ली में अफगानिस्तान टूटा हुआ सपना कामकाज बंद करने के फैसले का ऐलान कर रहा है। अफगान दूतावास से अपने बयान में बताया है कि मिशन को प्रभावित तरीके से नहीं चल पाने के पीछे कुछ अहम कारण है। इसके लिए अफगान दूतावास ने भारत को भी अहम कारण बताया है। अफगान दूतावास ने एक बयान में कहा कि उसे इस फैसले की घोषणा करते हुए अफसोस हो रहा है। बयान के अनुसार, ''बड़े दुख और निराशा के साथ नयी दिल्ली स्थित अफगानिस्तान दूतावास अपना कामकाज बंद करने के इस फैसले की घोषणा कर रहा है।''

दूतावास ने अपने बयान में मिशन को प्रभावी तरीके से नहीं चला पाने के कुछ कारक गिनाये हैं और कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय के ये ही प्रमुख कारण हैं। उसने आरोप लगाया कि उसे मेजबान देश से अहम सहयोग की कमी महसूस हो रही है जिसकी वजह से वह प्रभावी तरीके से अपना काम नहीं कर पा रहा। दूतावास ने अफगानिस्तान के हितों को पूरा करने में अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरने की भी बात कही है।

# हेलीकॉप्टर की खेत में हुई इमरजेंसी लैंडिंग



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर को बैरसिया के डूंगरिया गांव में बने एक डैम के पास लैंड कराया गया है. गांव वालों का कहना है कि हेलीकॉप्टर डैम के आस-पास काफी देर से चक्कर लगा रहा था, उसके बाद फिर वो खेत में उतर गया।

इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि हेलीकॉप्टर के आस-पास के गांवों के लोग सैकड़ों की संख्या में हेलीकॉप्टर देखने के लिए पहुंचे हैं. एयरफोर्स के सूत्रों ने कहा कि इसमें सभी 6 जवान सुरक्षित हैं और तकनीकी खराबी की जांच करने के लिए एक टीम बुलाई गई और परीक्षण के बाद हेलीकॉप्टर को रवाना कर दिया गया।

यह लैंडिंग भोपाल एयरपोर्ट से 50 किलोमीटर दूर डुंगरिया डैम के पास हुई है. इससे पहले मध्य प्रदेश के भिंड जिले में एयरफोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी थी. यह लैंडिंग नयागांव थाना इलाके के जखमौली गांव में सिंध नदी के बीहड़ में कराई गई थी. एयरफोर्स की ओर से बताया गया था कि हेलीकॉप्टर को रुटीन ऑपरेशनल ट्रेनिंग के दौरान इमरजेंसी लैंड करानी पड़ी थी।

# प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं नाटककार त्रिपुरारी शर्मा का निधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से देश की जानी मानी रंगकर्मी त्रिपुरारी शर्मा का महज 67 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह दिया। वे लिवर की असाध्य बीमारी से पीड़ित थीं। उन्हें दो लिवर का प्रत्यारोपण किया जाना था लेकिन उससे पहले सिकन्दराबाद में उनका निधन हो गया।

1956 में जन्मी एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा कॉलेज से स्नातक उपाधि प्राप्त त्रिपुरारी जी ने 1979 में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से निर्देशन में डिप्लोमा किया। वे 1996 में एनएसडी के संकाय में शामिल हुईं। इसी संस्थान में इस समय वे अभिनय की प्राध्यापक थीं।

उनका अधिकांश प्रारंभिक कार्य अलारिप्पु समूह के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था, जिसे उन्होंने 1983 में लोगों के बीच सामाजिक जागरूकता पैदा करने के स्पष्ट उद्देश्य से स्थापित किया था। इस समूह ने बंद घरों में महिलाओं के जीवन पर रेशमी रुमाल जैसे सफल नाटक प्रस्तुत किए। मां और बेटी के रिश्ते से जुड़ी डायरी 'द गिफ्ट',



और 'गड़रिया राजा' - सभी उनके द्वारा लिखित और निर्देशित हैं।

बाद में, त्रिपुरारी शर्मा ने कई अन्य थिएटर समूहों के साथ काम किया है, जैसे कि एसआरसी रेपर्टरी कंपनी द्वारा प्रस्तुत उनका नाटक 'बहू' जो इंद्रप्रस्थ कॉलेज द्वारा भी खेला गया। लोक कला अकादमी, उज्जैन द्वारा प्रस्तुत 'विक्रमादित्य का न्यायासन', छत्तीसगढ़ और छोटा नागपुर के नाचा कलाकारों द्वारा प्रस्तुत 'बिरसा मुंडा'; और 'काठ की गाड़ी' एनएसडी रेपर्टरी कंपनी द्वारा प्रस्तुत की गई। उनके अन्य महत्वपूर्ण नाटकों में अलखनंदन द्वारा निर्देशित भोपाल गैस त्रासदी पर आधारित 'बांझ घाटी' शामिल है। कानपुर की तवायफ़ पर 'अज़ीज़ुन', 2002 के गुजरात नरसंहार पर 'बीच बीच शहर', और एचआईवी-पॉजिटिव रोगियों की संख्या पर 'शिफ़ा'। अपने नाटकों के अलावा त्रिपुरारी जी ने विजय तेंदुलकर के 'खामोश अदालत जारी है!', इंदिरा पार्थसारथी के 'नंदन कथाई', मोहन राकेश के 'आधे अधूरे' जैसे क्लासिक्स का भी निर्देशन किया। इनके अलावा विश्व साहित्य की प्रसिद्ध कृतियों - जैसे

लोर्का का 'हाउस ऑफ बर्नाडा अल्बा', ब्रेख्त का 'गैलीलियो', पिरंडेलो का 'सिक्स कैरेक्टर्स इन सर्च ऑफ एन ऑथर' और शेक्सपियर का 'ओथेलो' पर आधारित नाटक भी उन्होंने तैयार किए। उनके नाटक 'बहू', 'अक्स पहेली', 'काठ की गाड़ी', 'रेशमी रुमाल' और 'अज़ीज़ुन' पुस्तक के रूप में प्रकाशित हुए हैं।

त्रिपुरारी शर्मा ने आकाशवाणी के लिए किशोर जीवन पर आधारित रेडियो नाट्य धारावाहिक 'दहलीज़' की शुरुआती 26 कड़ियाँ लिखी थीं, जिनका निर्माण आकाशवाणी के वरिष्ठ अधिकारी राजीव कुमार शुक्ला और मुकेश सक्सेना ने किया था। यह धारावाहिक 1993-94 में सभी हिन्दीभाषी आकाशवाणी केन्द्रों से प्रसारित होता था और बहुत लोकप्रिय हुआ था।

## ग्वालियर में कमलकांत सक्सेना अमृत जयंती समारोह संपन्न



**ग्वालियर, देशबन्धु।** 5 अक्तूबर को भोपाल में होने वाले 'कमलकांत सक्सेना अमृत जयंती समारोह' से पूर्व 'कमल प्रसंग' ग्वालियर अध्याय सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 30 सितंबर को हुए इस आयोजन में सर्वश्री सुरेश सम्राट, घनश्याम भारती, आशा सक्सेना, मनोज भटेले और दीप्ति दीप का सम्मान मंच ने किया, जिसमें सर्वश्री रामस्वरूप जी (वयोवृद्ध कवि), अखिलेंदु अरजरिया (पूर्व कलेक्टर एवं कमिश्नर), भवेश दिलशाद (युवा शायर एवं पत्रकार) एवं पुष्पा भारती (वरिष्ठ कवयित्री) शामिल थीं। स्वागत भाषण श्री माताप्रसाद शुक्ल ने दिया जबकि शिवपुरी से पधारी अणिमा अष्ठाना एवं साथियों ने श्री सक्सेना की काव्य रचनाओं की उत्कृष्ट सांगीतिक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की। दतिया से श्री राज गोस्वामी ने अपने वक्तव्य में श्री सक्सेना पर केंद्रित आयोजन अन्य शहरों में भी किए जाने का प्रस्ताव रखा। श्री गीतेश एवं श्री लाहा ने भी श्री सक्सेना के अवदान पर अपनी बात रखी।

राज्य स्तरीय वन्यप्राणी सप्ताह का शुभारंभ

# वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिये युवा पीढ़ी में जागरूकता अभियान कारगर : डॉ. शाह

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य स्तरीय वन्य प्राणी सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संवर्धन के लिये युवा पीढ़ी में जागरूकता के लिये अभियान कारगर होगा। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान की विहार वीथिका में राज्य स्तरीय वन्य प्राणी सप्ताह का शुभारंभ प्रतीकात्मक पेंटिंग बनाकर किया गया। वन मंत्री ने डब्ल्यू, डब्ल्यू, एफ इंडिया द्वारा विहार वीथिका में शिकारी पक्षियों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। डॉ. शाह ने भोपाल बर्डस हेंडबुक का विमोचन भी किया। मो. खालिक एवं डॉ. संगीता राजगीर, के द्वारा भोपाल बर्डस हेंडबुक तैयार की गई।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा स्वच्छता की शपथ गृहण की गई। लगभग 800 प्रतिभागियों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया गया। वन विहार में राज्य स्तरीय फोटो प्रदर्शनी भी लगाई गई। राज्य स्तरीय वन्यप्राणी सप्ताह 2023 हेतु वन विभाग की विभिन्न शाखाओं जैसे ईको टूरिज्म बोर्ड, सामाजिक वानिकी, जैव विविधता बोर्ड, बांस मिशन के साथ-साथ अन्य संस्थाओं जैसे क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय द्वारा भी प्रदर्शिनी लगाई गई है। उक्त प्रदर्शिनी के अवलोकन के लिये दिनांक 01 से 07 अक्टूबर 2023 तक विद्यालयीन छात्र/छात्राओं के नि:शुल्क प्रवेश दिया जायेगा।



इस अवसर पर जे.एन. कांसोटिया, अपर मुख्य सचिव, वन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख रमेश कुमार गुप्ता, डॉ. अभय कुमार पाटिल, प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य वन विकास निगम, श्री पुष्कर सिंह, प्रबंध संचालक, म.प्र.राज्य लघुवनोपज सहकारी संघ मर्यादित, श्री असीम श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, डा. अतुल श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कार्य आयोजना एवं वन भू अभिलेख) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में शालाओं के शिक्षक एवं विद्यार्थीगण, उनके अभिभावक एवं मीडियाकर्मी भी उपस्थित रहे।

लखीमपुर खीरी हिंसा मामला

# दो साल बाद भी न्याय की बाट जोह रहे हैं पीड़ित

- चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी
- 171 गवाहों में से केवल चार ने बयान दर्ज कराए

**लखीमपुर खीरी, एजेंसी।** 3 अक्टूबर को लखीमपुर खीरी हिंसा के दो साल पूरे हो जाएंगे, जहां तिकुनिया पुलिस स्टेशन के तहत चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी। लेकिन पीड़ित अभी तक न्याय की बाट जोह रहे हैं। हालांकि, मामला कछुआ गति से आगे बढ़ता दिख रहा है और पीड़ित न्याय के लिए अंतहीन इंतजार कर रहे हैं। वहीं मामले को लेकर राजनेता आगे बढ़ गए हैं और मामले में रुचि खो दी है। चौंकाने वाली बात यह है कि केंद्रीय मंत्री अकाय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा, जो इस मामले के आरोपियों में से एक हैं, उनके खिलाफ मामले में अब तक 171 गवाहों में से केवल चार ने अदालत के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए हैं। आशीष को तीन कृषि सुधार कानूनों (निरस्त होने के बाद) के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़कने और तत्कालीन यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के क्षेत्र के दौरे के छह दिन बाद 9 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। यूपी पुलिस की एफआईआर के मुताबिक, चार किसानों को एक एसयूवी ने कुचल दिया, जिसमें आशीष मिश्रा बैठे थे। इसके बाद, एसयूवी चला रहे व्यक्ति और दो भाजपा कार्यकर्ताओं की कथित तौर पर गुस्साए किसानों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। एफआईआर में कहा गया है कि हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हो गई थी।

राहुल ने हिंदू धर्म पर लिखा लेख

# निर्बल की रक्षा करना ही हिंदू धर्म

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म को लेकर एक लेख लिखा। करीब डेढ़ पन्ने के इस लेख में राहुल ने हिंदू होने का मतलब बताया। राहुल ने सत्यम शिवम सुंदरम टाइटल वाले इस आर्टिकल में लिखा कि, निर्बल की रक्षा का कर्तव्य ही उसका धर्म है। हिंदू इतना कमजोर नहीं होता जो हिंसा का माध्यम बने। राहुल लिखते हैं, कि हिंदू वही है, जिस व्यक्ति में अपने भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्यनिष्ठा से देखने का साहस है।

उन्होंने लेख में कहा, यह कहना कि हिंदू धर्म केवल कुछ सांस्कृतिक मान्यताओं तक सीमित है उसका अल्प पाठ होगा। किसी राष्ट्र या भूभाग विशेष से बांधना भी उसकी अवमानना है। कांग्रेस नेता ने पूर्वाग्रह तथा भय से मुक्त होकर सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर सबको

## सत्यम, शिवम, सुंदरम नाम से सोशल मीडिया पर किया साझा

आत्मसात करना ही हिन्दू होने का एकमात्र रास्ता बताया गया है। श्री गांधी ने हिन्दू होने का मतलब दार्शनिक अंदाज में समझाते हुए कहा, एक हिंदू अपने अस्तित्व में समस्त चराचर को करुणा और गरिमा के साथ उदारतापूर्वक आत्मसात करता है, क्योंकि वह जानता है कि जीवन रूपी इस महासागर में हम सब डूब-उतर रहे हैं। भय का जिक्र करते हुए उन्होंने लिखा जिस व्यक्ति में अपने भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्यनिष्ठा से देखने का साहस है- वहीं हिंदू है। एक हिंदू में अपने भय को गहनता में देखने और उसे स्वीकार करने का साहस होता है। जीवन की यात्रा में वह भय रुपी शत्रु को मित्र में बदलना सीखता है। भय उस पर कभी हावी नहीं हो पाता, वरन घनिष्ठ सखा बनकर उसे आगे की राह दिखाता है। एक हिंदू की आत्मा इतनी कमज़ोर नहीं होती कि वह अपने भय के वश में आकर किसी किस्म के क्रोध, घृणा या प्रतिहिंसा का माध्यम बन जाए।

## जिंदगी प्रेम और उल्लास का महासागर

श्री गांधी ने जीवन के अर्थ को परिभाषित करते हुए अपने लेख में लिखा, कल्पना कीजिए, जिंदगी प्रेम और उल्लास का, भूख और भय का एक महासागर है और हम सब उसमें तैर रहे हैं। इसकी खूबसूरत और भयावह, शक्तिशाली और सतत परिवर्तनशील लहरों के बीचोंबीच हम जीने का प्रयत्न करते हैं। इस महासागर में जहां प्रेम, उल्लास और अथाह आनंद है- वहीं भय भी है। मृत्यु का भय, भूख का भय, दुखों का भय, लाभ-हानि का भय, भीड़ में खो जाने और असफल रह जाने का भय। इस महासागर में सामूहिक और निरंतर यात्रा का नाम जीवन है जिसकी भयावह गहराइयों में हम सब तैरते हैं। इसलिए, क्योंकि इस महासागर से आज तक न तो कोई बच पाया है, न ही बच पाएगा।

## सबको आत्मसात करता है हिंदू

कमजोर वर्ग यानी ओबीसी की राजनीति को साधते हुए उन्होंने कहा हिन्दू धर्म कमजोरों की मदद कर और सबको आत्मसात करता है। एक हिंदू अपने अस्तित्व में समस्त चराचर को करुणा और गरिमा के साथ उदारतापूर्वक आत्मसात करता है। सत्य और अहिंसा की शक्ति से संसार की सबसे असहाय पुकारों को सुनना और उनका समाधान ढूंढना ही उसका धर्म है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन**, कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।